www.summerexpress.in

द SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:01 बजे
सूर्यास्त शाम 5:26 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-79 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-1 रूपये ● सोमवार 24 नवंबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

# ट्रम्प की गैरमौजूदगी के बावजूद G-20 समिट में घोषणा पत्र पहले ही दिन पारित

**▪ अमेरिका की गैरहाज़िरी में 'खाली कुर्सी' को सौंपा जाएगा G20 की अगली मेजबानी का प्रतीक गवेल**




**एजेंसी | जोहान्सबर्ग**

20वीं G20 समिट के पहले ही दिन कई अप्रत्याशित घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने इस बैठक को ऐतिहासिक रूप से अलग बना दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यक्रम से दूर रहने के बावजूद सभी सदस्य देशों ने दक्षिण अफ्रीका द्वारा तैयार किए गए संयुक्त घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। यह प्रक्रिया आमतौर पर अंतिम दिन होती है, लेकिन इस बार ड्राफ्ट पहले ही दिन स्वीकार कर लिया गया, जो अपने आप में एक अभूतपूर्व कदम है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाना आवश्यक था, भले ही अमेरिका इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हुआ। ट्रम्प ने समिट के अंतिम सत्र में जाने के बजाय एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने का निर्णय किया था, जिसका मकसद 2026 की मेजबानी लेने की इच्छा को संकेतित करना था। रॉयटर्स के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रपति रामफोसा रविवार को अगली मेजबानी की औपचारिकता "खाली कुर्सी" को सौंपेंगे, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति उपस्थित नहीं हैं।

**▪ तीसरे सत्र में मोदी की अपील: AI के लिए वैश्विक समझौता बने, डीपफेक और दुरुपयोग पर सख्त रोक जरूरी...** *G20 समिट के तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के दुरुपयोग को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ठोस और व्यापक समझौता AI ग्लोबल कॉम्पैक्ट तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। AI एक शक्तिशाली उपकरण है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल गंभीर सामाजिक और वैश्विक खतरा बन सकता है। मोदी ने कहा कि इस वैश्विक समझौते के तीन प्रमुख स्तंभ होने चाहिए निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि यदि AI को सही दिशा नहीं दी गई, तो यह समाज पर गहरा और नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।*

## दो प्रमुख परंपराओं का टूटना: गवेल सेरेमनी और घोषणापत्र प्रक्रिया

*इस वर्ष G20 में दो बड़ी परंपराएँ टूट गईं। पहली परंपरा मेजबानी के हस्तांतरण की थी। परंपरा के अनुसार, पिछले साल मेजबानी करने वाला राष्ट्र- इस बार अमेरिका- अगले मेजबान को गवेल एक औपचारिक समारोह में देता है। चूँकि अमेरिका से राष्ट्रपति ट्रम्प उपस्थित नहीं थे, इसलिए राष्ट्रपति रामफोसा को यह प्रतीकात्मक गवेल एक "खाली कुर्सी" को सौंपने की घोषणा करनी पड़ी। दूसरी बड़ी परंपरा घोषणापत्र को लेकर टूटी। सामान्यतः G20 के दो दिनों की चर्चाओं के बाद अंतिम सत्र में संयुक्त घोषणा पत्र जारी होता है। लेकिन इस बार पहली ही दिन सभी देशों ने इसे मंजूरी दे दी।* **▪ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यस्त कूटनीतिक एजेंडा...** *प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के इतर कई राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि इन बैठकों में वैश्विक विकास, स्थिरता और साझी समृद्धि से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।*



*मोदी की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मुलाकात के दौरान भारत–यूके साझेदारी के नए अवसरों पर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि 2024 में दोनों देशों के रिश्तों में ऊर्जा आई है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बैठक में आर्थिक सहयोग को विविध क्षेत्रों में बढ़ाने पर सहमति बनी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात को मोदी ने "अत्यंत सार्थक" बताया। दोनों नेताओं ने रक्षा, रणनीति और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग से उनकी इस वर्ष की दूसरी मुलाकात थी, जिसमें निवेश और व्यापार सहयोग को बढ़ाने की दिशा में विचार साझा किए गए। मोदी की ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ लूला दा सिल्वा के साथ बैठक में सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंधों को प्रगाढ़ करने पर जोर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ चर्चा को प्रधानमंत्री ने "बहुत अर्थपूर्ण" बताया, जिसमें वैश्विक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर विचार किया गया।*

**▪ अफ्रीका, यूरोप और एशिया के नेताओं से भी महत्वपूर्ण संवाद...** *अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको से मुलाकात में भारत–अंगोला के ऐतिहासिक संबंध और विकास सहयोग पर चर्चा हुई। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-सिंगापुर साझेदारी एशिया प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता का आधार बनी हुई है। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन के साथ बैठक में दोनों देशों ने अपनी भविष्यन्मुखी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। इसी तरह जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ से बातचीत में प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार को उभारने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा मोदी ने WTO की महानिदेशक न्गोजी ओकोन्जो-इवेला, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली, सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो और WHO के महानिदेशक टेड्रोस घेब्रेयेसस से भी मुलाकात की। इन मुलाकातों में स्वास्थ्य, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी को लेकर सहयोग बढ़ाने के मुद्दे प्रमुख रहे।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीएम का AI वीडियो शेयर करने वाला काबू

**नई दिल्ली|** दरभंगा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर का मॉर्फ्ड आईटिफिशियल इंटेलीजेंस से आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले युवक को गुजरात के जामनगर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान जिले के बहेड़ी उज्जैना निवासी पंकज कुमार यादव के रूप में हुई है। मामला दर्ज होने के बाद दरभंगा साइबर थाना की टीम गुजरात पुलिस की मदद से आरोपी तक पहुंची। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार युवक को पहले पटना ले जाया जाएगा, जहां वरीय अधिकारी उससे पूछताछ करेंगे। पूछताछ के बाद उसे दरभंगा लाया जाएगा।

### सीएम धामी ने ब्रह्मा मंदिर की पूजा की

**ढाका|** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पुष्कर पहुंचे, जहां उन्होंने ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश और जनता की खुशहाली की कामना की। उनके साथ राजस्थान के मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे। अजमेर के किशनगढ़ एयरपोर्ट पर भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने सीएम धामी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रेम और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पहले धामी ने कहा था कि उत्तराखंड में सभी धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है और सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि आगामी कुंभ मेले की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं।

### नौकरानी की 3 करोड़ की निकली लॉटरी

**लुधियाना|** लुधियाना में घरों में नौकरानी का काम करने वाली एक महिला की किस्मत अचानक चमक उठी जब उसके 3 करोड़ रुपए की लॉटरी निकल आई। महिला ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर पैसे न होने के कारण अपने झुमके गिरवी रखकर 2 हजार रुपए में 4 लॉटरी टिकट खरीदे थे। महिला महेश्वरी साहनी ने बताया कि वह अपनी बेटी की स्कूल फीस के लिए घरों में काम करती हैं। पहली बार लॉटरी खरीदने का फैसला उन्होंने बेटी की बात पर किया। 10 नवंबर को खरीदे टिकटों में से 22 नवंबर को एक टिकट पर 3 करोड़ का बंपर इनाम निकल आया।

## सिटीजन रिपोर्टर

***अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।***

# दुल्हन का एक्सीडेंट, दूल्हे ने अस्पताल में रचाई शादी

**• इमरजेंसी रूम ने अनोखी शादी का रूप लिया**



**कोच्चि|** कोच्चि के एक अस्पताल में ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसकी कल्पना कम ही लोग कर सकते हैं। जहां आमतौर पर गंभीर मरीजों का इलाज और ट्रॉमा केसेज़ संभाले जाते हैं, उसी इमरजेंसी रूम ने कुछ देर के लिए एक भावुक और अनोखी शादी का रूप ले लिया। अवनी, जो चेरथला के एक स्कूल में शिक्षिका हैं, शुक्रवार तड़के अपनी शादी की तैयारियों के सिलसिले में परिवार के साथ कुमारकोम जा रही थीं। लगभग सुबह 3 बजे उनकी कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पेड़ से टकरा गया। उन्हें पहले कोट्टायम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट की वजह से उसी दिन दोपहर उन्हें विशेष देखभाल के लिए कोच्चि के एक अन्य अस्पताल रेफर किया गया। इसी दिन दोपहर को अवनी की शादी असिस्टेंट प्रोफेसर शैरन से तय थी। हादसे के बावजूद दोनों ने अपने विशेष दिन को रद्द न करने का निर्णय लिया। परिवारों ने आपसी सहमति से तय मुहूर्त दोपहर 12:15 से 12:30 के बीच पर शादी करने का फैसला लिया और अस्पताल पहुँचे। दुल्हन और दूल्हे के दृढ़ संकल्प को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने मानवीय आधार पर इमरजेंसी यूनिट के भीतर ही विवाह संपन्न कराने की अनुमति दे दी। डॉक्टरों, नर्सों और कुछ चुनिंदा परिजनों की मौजूदगी में शादी के मंत्र भले न पढ़े गए हों, लेकिन माहौल में भावनाओं की गहराई साफ झलक रही थी। शैरन ने बिस्तर पर लेटी अवनी के गले में वरमाला पहनाकर शादी की रस्म पूरी की। उस क्षण इमरजेंसी रूम कुछ देर के लिए एक मिनी विवाह मंडप बन गया।

# चंडीगढ़ के स्टेटस बदलाव पर केंद्र सरकार ने बदले सुर स्पष्ट किया यह बिल मौजूदा सत्र में पेश नहीं होगा

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

चंडीगढ़ की प्रशासनिक स्थिति में बदलाव से जुड़ी अटकलों पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल ऐसे किसी कदम पर आगे बढ़ने का इरादा नहीं है। गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि चंडीगढ़ को लेकर जिस प्रस्ताव की चर्चा हो रही है, वह अभी केवल विचाराधीन है और इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से यह खबरें सामने आ रही थीं कि केंद्र सरकार 1 से 19 दिसंबर के बीच होने वाले शीतकालीन सत्र में ऐसा विधेयक ला सकती है, जिसके तहत चंडीगढ़ को संविधान के आर्टिकल 239 की जगह आर्टिकल 240 के तहत लाने पर विचार किया जा रहा है। गृह मंत्रालय ने साफ किया कि प्रस्ताव केवल कानून बनाने की प्रक्रिया में सरलता लाने को लेकर है, न कि चंडीगढ़ की मौजूदा प्रशासनिक संरचना को बदलने के लिए। यह प्रस्ताव सिर्फ केंद्र द्वारा चंडीगढ़ से जुड़े कानूनों को सरलता से लागू करने के तंत्र से जुड़ा है। इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। प्रस्ताव में कहीं भी चंडीगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था बदलने


PIB - Ministry of Home Affairs
@PIBHomeAffairs

संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव अभी केंद्र सरकार के स्तर पर विचाराधीन है| इस प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है| इस प्रस्ताव में किसी भी तरह से चंडीगढ़ की शासन-प्रशासन की व्यवस्था या चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने की कोई बात नहीं है| चंडीगढ़ के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी हितधारकों से पर्याप्त विचार विमर्श के बाद ही उचित निर्णय लिया जाएगा| इस विषय पर चिंता की आवश्यकता नहीं है| आने वाले संसद के शीतकालीन सत्र मे इस आशय का कोई बिल प्रस्तुत करने की केंद्र सरकार की कोई मंशा नहीं है|

या पंजाब हरियाणा के पारंपरिक संबंधों से छेड़छाड़ करने की बात नहीं है। सभी हितधारकों से विस्तृत चर्चा और चंडीगढ़ के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर ही कोई निर्णय लिया जाएगा। अतः चिंता की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी शीतकालीन सत्र में इस विषय पर कोई विधेयक लाने की योजना नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी और फिलहाल संसद में इस तरह का कोई बिल पेश करने का कोई इरादा नहीं है।

**केंद्र ने संविधान संशोधन से बदलने की तैयारी की चंडीगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था**

केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा परिवर्तन करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2025 लाने की योजना बनाई है। इस संभावित बदलाव ने पंजाब के पूरे राजनीतिक परिदृश्य में तीखी प्रतिक्रियाएँ पैदा कर दी हैं। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल तीनों ने इसे पंजाब के अधिकारों और ऐतिहासिक दावे पर सीधा हमला बताया है।

**▪ चंडीगढ़ को Article 240 के तहत लाने की तैयारी...** प्रस्तावित संशोधन का मूल उद्देश्य चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के तहत लाना है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को उन केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सीधे नियम बनाने की शक्ति देता है, जिनकी अपनी विधानसभा नहीं होती। यदि यह संशोधन लागू होता है, तो चंडीगढ़ की प्रशासनिक संरचना भी लक्षद्वीप या अंडमान-निकोबार जैसे अन्य बिना विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों की तरह हो जाएगी। अभी चंडीगढ़ का प्रशासन पंजाब के राज्यपाल देखते हैं यह व्यवस्था वर्ष 1984 से लागू है। लेकिन नए प्रावधान के बाद राष्ट्रपति सीधे नियम बना सकेंगे और केंद्र चाहे तो एक स्वतंत्र प्रशासक भी नियुक्त कर सकता है। इस कदम को पंजाब में राजनीतिक नेतृत्व "चंडीगढ़ पर पूर्ण केंद्रीय नियंत्रण" के रूप में देख रहा है।

**प्रवासी पंजाबी भी नाराज़...** ओवरसीज़ पंजाबी संगठनों ने भी इंडिया सरकार के इस निर्णय पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह कदम चंडीगढ़ पर पंजाब के ऐतिहासिक और वैधानिक दावे का अनादर है। पंजाब की सभी प्रमुख पार्टियों और संगठनों ने साफ कहा है कि वे संविधान (131वां संशोधन) बिल के हर स्तर पर विरोध में खड़े रहेंगे, क्योंकि चंडीगढ़ पंजाब की "कानूनी और भावनात्मक राजधानी" है।

### ▪ पंजाब की राजनीति में भूचाल



*संविधान संशोधन के प्रस्ताव के बाद पंजाब का राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे "पंजाब पर गहरा अन्याय" बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार चंडीगढ़ पर स्थायी कब्जा जमाने की कोशिश कर रही है।*



*आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने भी सख्त प्रतिक्रिया दी और कहा कि केंद्र का यह कदम "संघीय ढांचे की आत्मा पर चोट" है। उन्होंने दोहराया "चंडीगढ़ पंजाब का हिस्सा है, और रहेगा।"*



*शिअद के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने केंद्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पंजाब के अधिकारों को कुचलने की कार्रवाई है। उन्होंने याद दिलाया कि 1970 में स्वयं केंद्र सरकार चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपने पर सहमत हो गई थी, लेकिन आज तक वह वादा पूरा नहीं किया गया।*



*कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने "पूरी तरह गैर-ज़रूरी और भड़काऊ कदम" बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चंडीगढ़ से पंजाब के अधिकार छीनने की कोशिश की गई तो इसके "गंभीर परिणाम" होंगे। कांग्रेस ने संसद में इस बिल का कड़ा विरोध करने का ऐलान भी किया है।*

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### मोहाली-कुराली बाईपास 1 दिसंबर से खुलने को तैयार

# पंजाब, हिमाचल, J&K वाहनों को खरड़ जाम से मिलेगी राहत

**सुरिंदर सिंह अंकुश | मोहाली**
**समर न्यूज़**

पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से हरियाणा और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को अब खरड़ में लगने वाले भारी जाम से छुटकारा मिलने वाला है। लंबे समय से प्रतीक्षित मोहाली–कुराली बाईपास पूरी तरह तैयार हो गया है और इसे 1 दिसंबर से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

**▪ NH-205A का अहम हिस्सा, मोहाली–खरड़ ट्रैफिक को मिलेगा नया विकल्प...**
यह मार्ग NH-205A का हिस्सा है, जो कुराली से होते हुए सीधा एयरपोर्ट रोड पर जुड़ेगा। करीब 31 किलोमीटर लंबा यह बाईपास मोहाली के आईटी चौक से शुरू होकर कुराली तक जाता है और आगे चलकर सिसवां–बद्दी मार्ग से कनेक्ट होता है। केंद्र सरकार के भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत 1,400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया यह प्रोजेक्ट क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक कार्यों में से एक माना जा रहा है।

**29–30 नवंबर को ट्रायल रन...**
नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के अधिकारियों के अनुसार, कुराली में हाई-टेंशन बिजली लाइनों के कारण अटका काम अब पूरा हो चुका है। वर्तमान में सड़क पर अंतिम मार्किंग और कुछ फिनिशिंग कार्य जारी है, जो अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।


### सर्विस लेन, आधुनिक साइन बोर्ड और बेहतर सुरक्षा प्रबंध




*ट्रैफिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई ग्रीनफील्ड सड़क बद्दी, न्यू चंडीगढ़ और मोहाली के औद्योगिक इलाकों के बीच यात्रा को काफी तेज़ और सुगम बना देगी। इससे व्यावसायिक गतिविधियों में बढ़ोतरी की भी उम्मीद है। प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियर बताते हैं कि मार्ग निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन बनाई गई हैं। आधुनिक रोड साइन बोर्ड लगाए गए हैं। सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता देते हुए यात्रा को पहले से अधिक सुरक्षित बनाया गया है।*

**▪ विलंब के बावजूद प्रोजेक्ट अब लगभग पूरा...**
*इस सड़क निर्माण का कार्य महाराष्ट्र की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अक्टूबर 2022 में शुरू किया था। हालांकि जून और सितंबर में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कार्यों में देरी हुई। अब प्रोजेक्ट लगभग पूर्ण हो चुका है। यह बाईपास उस प्रस्तावित खरड़–बनूड़–तेपला मार्ग की जगह विकसित किया गया है, जिसे उच्च लागत के कारण 2019 में निरस्त कर दिया गया था। इस नई सड़क को चंडीगढ़–मोहाली–खरड़ के लिए एक महत्वपूर्ण लाइफलाइन माना जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र के यातायात दबाव को काफी हद तक कम कर देगी।*

## सांस्कृतिक समागम ने करवाया ऑटो बायोग्रॉफी प्ले



**लक्की भट्टी | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

गुरु नानक देव भवन के मंच पर लुधियाना सांस्कृतिक समागम द्वारा करवाया गया ऑटो बायोग्रॉफी नाटक की कहानी को प्रसिद्ध मराठी नाटककार महेश एलकुंचवर द्वारा लिखा गया। नाटक में मुख्य कलाकार के रुप में डेनिजल स्मिथ, लिलेट दुबे, सुचित्र पिल्लई और सारा हाशमी रहे। नाटक की कहानी अनंतराव राजाध्यक्ष के इर्द गिर्द घूमती है, जो एक उम्म्रदराज व्यक्ति है। अनंतराव अपनी आत्मकथा लिखवाने के लिए प्रज्ञा जो एक शोधकर्ता को बुलाते है। जैसे-जैसे वह अपने जीवन की परतें खोलते जाते हैं, कहानी कई पुराने घावों, छिपे सच और अनकहे रिश्तों को सामने लाती।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के जन्मदिन पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ओम बिड़ला जी अपने शांत नेतृत्व और सदन में एकता के वातावरण बनाए रखने के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओम बिड़ला जी ने विधायी प्रक्रियाओं को मज़बूत करने, रचनात्मक बहस को प्रोत्साहन देने और संसद की गरिमा को बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने काम करते हुए संसद को अधिक उत्पादक और जनकेंद्रित बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कामना की कि ओम बिड़ला जी को दीर्घायु और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिले ताकि वे राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाते रहें।

# चीमा ने भाजपा को दी चेतावनी बोले चंडीगढ़ पंजाब का था है और रहेगा

**समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब**

केंद्र सरकार की ओर से चंडीगढ़ को पंजाब राज्यपाल के संवैधानिक दायरे से बाहर लाने की संभावित तैयारी की खबरों ने पंजाब की राजनीति में नई गर्माहट ला दी है। इसी मुद्दे पर पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को आनंदपुर साहिब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और भाजपा पर तीखे आरोप लगाए। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे चीमा ने कहा कि भाजपा सरकार चंडीगढ़ को पंजाब से छीनने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पंजाब की भूमि पर बसे गांवों को विस्थापित कर बनाया गया था, इसलिए यह ऐतिहासिक रूप से और संवैधानिक रूप से पंजाब का ही हिस्सा है। चंडीगढ़ पंजाब का था, है और रहेगा, चीमा ने जोर देकर कहा। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार इस मुद्दे



वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा

को लेकर आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ेगी। चीमा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार फेडरल ढांचे को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है।

उनका कहना था कि संविधान स्पष्ट रूप से हरियाणा को अपनी अलग राजधानी बनाने की बात करता है, जबकि चंडीगढ़ पंजाब के पास रहने का प्रावधान है, लेकिन भाजपा इसके विपरीत कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब इसलिए निशाने पर है क्योंकि यहां भाजपा अपनी राजनीतिक जमीन बनाने में नाकाम रही है। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व पर भी हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देशभर में चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने और सत्ता पलटने की कोशिश कर रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चंडीगढ़ को लेकर यह राजनीतिक संघर्ष सड़क से संसद तक जारी रहेगा। भाजपा और उनकी सात पीढ़ियां पंजाब के जवाब को याद रखेंगी। गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के संदर्भ में चीमा ने कहा कि आज का दिन त्याग और एकता का संदेश देता है, लेकिन भाजपा के कदम देश को विभाजित करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब किसी भी हालात में चंडीगढ़ पर अपना हक छोड़ने को तैयार नहीं है। इस बयान से साफ है कि चंडीगढ़ मुद्दे पर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गर्माने वाली है। आगामी दिनों में इस विवाद के और तेज होने की आशंका जताई जा रही है।

# गोली लगने से उत्तराखंड का जवान शहीद

### चंपावत के खरही गांव के दीपक सिंह की जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुई शहादत

**समर न्यूज़ | जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) पर ड्यूटी के दौरान गोली लगने से उत्तराखंड के चंपावत जिले के जवान दीपक सिंह शहीद हो गए। 23 वर्षीय दीपक भारतीय सेना की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में अग्निवीर के रूप में सेवारत थे। वे मूल रूप से चंपावत के खरही गांव के निवासी थे और लगभग 10 दिन पूर्व ही छुट्टी काटकर ड्यूटी पर लौटे थे।शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे पुंछ की मेंढर तहसील में उनकी अग्रिम चौकी पर अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। साथी जवानों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो दीपक खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिरे थे। उन्हें तत्काल यूनिट के चिकित्सा शिविर में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने



शहीद जवान दीपक सिंह।

घटनास्थल का दौरा कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी गई है। भारतीय सेना के अधिकारियों ने शहीद के परिवार को संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। परिवार में मातम, शादी की तैयारियों के बीच टूटा सन्नाटादीपक सिंह के पिता शिवराज सिंह, माता तारी देवी और दो बहनों के साथ एक छोटे भाई समेत पूरा परिवार खरही गांव में ही रहता है। परिवार बेटे की शादी की तैयारी कर रहा था, और रिश्ते आने शुरू हो गए थे। लेकिन दीपक की शहादत की खबर से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। गांव में माहौल शोकाकुल है और परिजन लगातार दीपक की याद में व्यथित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, दीपक हाल ही में छुट्टी पर घर आए थे और गांव के खरही मेले में भी शामिल हुए थे। शांत स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व वाले दीपक को बचपन से ही सेना में भर्ती होने का जुनून था। सोमवार तक पहुंचेगी पार्थिव देहसेना ने मानक प्रक्रिया के तहत जांच शुरू कर दी है। अनुमान है कि सोमवार तक शहीद का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचेगा। हालांकि, रीठासाहिब थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि सेना की ओर से शव के पहुंचने का आधिकारिक समय अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

गांव में शहीद के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटने की संभावना है।

## पड़ोसी ने बच्ची से दुष्कर्म कर की हत्या

**समर न्यूज़ | जालंधर**

बस्ती बावा खेल थाना क्षेत्र में पड़ोसी के घर से 13 वर्षीय बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार और मोहल्ले वालों ने आरोप लगाया कि पड़ोसी रिंपी सिंह ने बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की है। घटना शनिवार शाम उस समय सामने आई जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की। मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर पता चला कि आरोपी ने उसे शाम करीब चार बजे अपने घर बुलाया था। जब देर रात तक बच्ची का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शुरुआती जांच में पुलिस ने आरोपी के घर की औपचारिक तलाशी लेकर मामला टाल दिया। संदेह बढ़ने पर मोहल्ले के लोगों ने खुद दरवाजा खुलवाकर घर के अंदर तलाश की, जहां बाथरूम में बच्ची का शव मिला। एडीसीपी हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# उद्योगों के लिए सरकार की नीतियों को मिल रहा निवेशकों का समर्थन: मंत्री संजीव

### मंडी गोबिंदगढ़ में उद्योगपतियों से मिलकर समस्याओं और संभावनाओं की समीक्षा की



मंडी गोबिंदगढ़ में उद्योगपतियों से बैठक करते मंत्री संजीव अरोड़ा। - फोटो- समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | मंडी गोबिंदगढ़**

पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि राज्य में उद्योगों के अनुकूल माहौल और निवेश-पक्षीय नीतियों के कारण निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में किए गए निवेश से अब तक 5 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि है। मंत्री अरोड़ा शनिवार को मंडी गोबिंदगढ़ में आयोजित उद्योगपतियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उद्योगजगत की चुनौतियों और आवश्यकताओं पर चर्चा की और कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार उद्योगों के लिए एक स्थायी और प्रोत्साहनकारी वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पंजाब विकास आयोग की उपाध्यक्ष सीमा बांसल और प्रिंसिपल सेक्रेटरी कमल किशोर यादव भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उद्योगपतियों से इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, सब्सिडी, जीएसटी, ग्रीन एनर्जी, और राइट टू बिज़नेस एक्ट जैसे मुद्दों पर सुझाव लिए गए।मंत्री ने कहा कि पदभार संभालने के बाद उन्होंने जालंधर, अमृतसर, मोहाली, बठिंडा और लुधियाना सहित कई शहरों में रोडशो आयोजित किए हैं, ताकि स्थानीय उद्योगों की स्थिति, संभावनाओं और जरूरतों का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके।बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अरविंद गुप्ता, उद्योग विभाग के जी.एम. मनिंदर सिंह, पीएसपीसीएल और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## वीसी पर प्रेमिका से शादी को लेकर बहस, युवक ने खुद को मारी गोली

**समर न्यूज़ | पटना**

धनरुआ थाना क्षेत्र के चक्रमासी गांव में एक 17 वर्षीय युवक ने वीडियो कॉल के दौरान खुद को गोली मार ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक अपने प्रेम संबंध में शादी से इनकार किए जाने से आहत था। पुलिस के अनुसार, लड़के की एक लड़की से डेढ़ साल से जान-पहचान थी। शुक्रवार रात दोनों के बीच वीडियो कॉल पर शादी को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद प्रेमिका ने शादी से इनकार कर दिया। इसी गुस्से में हरेंद्र ने कॉल के दौरान सीने में गोली मार ली। परिजन गोली की आवाज सुनकर दौड़े और तुरंत उसे अस्पताल ले गए। बाद में उसे पीएमसीएच रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घर से कट्टा और खोखा बरामदपुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा और खोखा जब्त किया है। हरेंद्र के पिता का निधन करीब पांच साल पहले हो चुका था। परिवार में छह भाई-बहन हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी लड़के पर ही थी जो खेती-बाड़ी करता था। मृतक की बहन ने बताया कि पिता की मौत के बाद भाई नशे का आदी हो गया था। वह अक्सर इंजेक्शन व दवाओं के नशे में रहता था। वहीं दूसरी बहन ने पुलिस को बताया कि भाई को रास्ते में कट्टा मिला था, जिसे वह घर ले आया।

### गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस पर गुरदासपुर से चला नगर कीर्तन आनंदपुर साहिब पहुंचा

# आनंदपुर साहिब में नगर कीर्तन का फूलों की वर्षा से हुआ स्वागत

**समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब**

हिंद दी चादर, धर्म के रक्षक और नौवें पातशाह गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशाल नगर कीर्तन रविवार को आनंदपुर साहिब पहुंचने पर पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह नगर कीर्तन 20 नवंबर को गुरदासपुर स्थित गुरुद्वारा तप अस्थान संत बाबा हरी सिंह जी से पूरे खालसाई जोश और श्रद्धा के साथ प्रारंभ हुआ था। नगर कीर्तन के आनंदपुर साहिब पहुंचने पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने पुष्प वर्षा कर संगत का स्वागत किया। फूलों से सजी पालकी साहिब में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में पंज प्यारे साहिबान और निशान साहिब की अगुवाई में सजाए गए इस नगर कीर्तन का रूपनगर जिला प्रशासन और स्थानीय संगतों ने भी भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारे साहिबान और पांच निशानची साहिबान को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। बाद में दोनों मंत्रियों ने तख्त श्री केसगढ़ साहिब में नतमस्तक होकर गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के स्वरूप को पूर्ण श्रद्धा से गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में सुशोभित किया। गुरदासपुर से आरंभ हुआ यह



नगर कीर्तन में संगत का स्वागत करते कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और हरभजन सिंह ई.टी.ओ। - फोटो- समर न्यूज़

नगर कीर्तन बाबा बकाला, अमृतसर साहिब, तरनतारन, खडूर साहिब, कपूरथला, जालंधर, फगवाड़ा, बंगा, नवांशहर, टिब्बी साहिब रोपड़ और नूरपुर बेदी होते हुए आनंदपुर साहिब में संपन्न हुआ। नगर कीर्तन के आयोजन में संत बाबा कश्मीर सिंह भूरी वालियां समेत विभिन्न जत्थेबंदियों और संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर मिसल हरिकृष्ण साहिब गतका अखाड़ा, अमृतसर के युवाओं ने उस्ताद सुखमिंदर सिंह की देखरेख में गतके के शानदार जौहर प्रस्तुत किए। उल्लेखनीय है कि यह नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम 6 बजे आनंदपुर साहिब पहुंचने वाला था, लेकिन रास्ते में विभिन्न स्थानों पर संगतों द्वारा किए गए भव्य स्वागत के कारण यह 12 घंटे की देरी से पहुंच पाया।

# पंजाब में बढ़ रही गौ-हत्या और तस्करी, श्री वामन अवतार मंदिर में गौ भक्तों की बैठक

**समर न्यूज़ | पटियाला**

पंजाब में हाल के महीनों में गौ-हत्या, गौ-तस्करी और संगठित गौ कत्ल गिरोहों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर शनिवार को पटियाला स्थित श्री वामन अवतार मंदिर में एक आपात बैठक बुलाई गई। यह बैठक महंत रवीकांत मुनी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें राज्यभर से गौ-भक्तों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में किंग–क्वीन गौ कत्ल गिरोह की बढ़ती गतिविधियों, अवैध पशु परिवहन और गौ-हत्या जैसे मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार ने बैठक की अध्यक्षता



श्री वामन अवतार मंदिर में भक्तों की बैठक में शामिल हुए बलतेज पन्नू। - समर न्यूज़

करते हुए कहा कि पिछले दो से तीन महीनों में कई एफआईआर दर्ज होने के बावजूद, विशेष रूप से पटियाला जिला पुलिस द्वारा मुख्य दोषियों और संगठित गिरोहों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की यह लापरवाही न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि गौ रक्षा के लिए सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी तोड़ती है।

जालंधर से आए पंजाब गौ सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन कीमती भगत ने बताया कि गौ रक्षा दल की टीमें सौ–सौ किलोमीटर तक दौड़कर, जान जोखिम में डालकर ट्रक पकड़ती हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई अधूरी रह जाती है।

हिंदू सुरक्षा समिति के राजेश केहर ने आयोग की निष्क्रियता पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि आयोग 2014 के अधिनियम के तहत अपनी कानूनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में असफल रहा है, जिसके चलते गौ-हत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**आम आदमी पार्टी के नेता को सौंपा गया मांगपत्र :** विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधिमंडलों ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता बलतेज पन्नू को एक विस्तृत मांगपत्र सौंपा। पंजाब गौ सेवा आयोग को तुरंत सक्रिय किया जाए। संबंधित कानूनों की सख्त पालना सुनिश्चित की जाए और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई हो। अपराधी तस्करी गिरोहों पर तत्काल कठोर कार्रवाई हो। पुलिस अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों की पूर्ण अनुपालना हो।

बैठक के अंत में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्याम लाल, उपाध्यक्ष वरिंदर गांधी और राम गोपाल ने सतीश कुमार को सिरोपा देकर सम्मानित किया। मंदिर प्रबंधन कमेटी की ओर से सभी उपस्थित जनों के लिए लंगर प्रसाद का विशेष प्रबंध भी किया गया।

# लंदन के कारोबारी राज भट्ट उठाएंगे उत्तराखंड के चार मेधावी छात्रों की शिक्षा का जिम्मा

### राजकीय इंटर कॉलेज गुंदियाट के लिए कंप्यूटर, शौचालय और डिजिटल बोर्ड देने का भी किया वादा

**समर न्यूज़ | पुरोला**

उत्तराखंड मूल के लंदन निवासी उद्योगपति राज भट्ट ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए राजकीय इंटर कॉलेज गुंदियाट के चार मेधावी छात्र-छात्राओं की शिक्षा का संपूर्ण खर्च उठाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने विद्यालय का दौरा कर छात्रों की जरूरतों और कॉलेज की आवश्यकताओं का जायजा लिया।भट्ट ने कॉलेज को एक कंप्यूटर, छात्र सुविधाओं के लिए मूत्रालय और एक डिजिटल बोर्ड देने की घोषणा की।

साथ ही उन्होंने कक्षा 11 की छात्रा काजल वर्मा की नीट परीक्षा की तैयारी के लिए पूरी फीस, लैपटॉप और 2500 रुपये की छात्रवृत्ति देने का आश्वासन दिया।

कक्षा 10 के धनवीर को भी 2500 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि कक्षा 12 की छात्राएं देविका और श्रुति को उत्कृष्ट अंक लाने पर लैपटॉप और मेडिकल की आगे की तैयारी के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, कक्षा 12 के अभय प्रसाद को कॉमन एंट्रेंस यूनिवर्सिटी टेस्ट में अच्छा कॉलेज मिलने पर आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च भट्ट स्वयं वहन करेंगे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सजवान और अन्य शिक्षकों ने राज भट्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेगा।

# बठिंडा के भाई घनईया चौक पर डिवाइडर से टकराया ट्रक

**समर न्यूज़ | बठिंडा**

भाई घनईया चौक पर आज सुबह एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। अमृतसर मेन हाईवे से बठिंडा आ रहा एक ट्रक ड्राइवर की नींद आने के कारण अचानक नियंत्राण खो बैठा।

ट्रक पहले डिवाइडर से टकराया और फिर सड़क के दूसरी तरफ पलट गया। इस दौरान ट्रक ने पुलिस के बैरीकैट से टकराने से बचकर बड़ा हादसा होने से जानमाल के नुकसान से बचाव किया।ट्रक इस हादसे में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन चालक और कंडक्टर दोनों सुरक्षित हैं।

हादसे के वक्त अगर ट्रक पुलिस कर्मियों या किसी अन्य वाहन



डिवाइडर से टकराया ट्रक। - समर न्यूज़

से टकरा जाता तो बड़ी क्षति हो सकती थी।इस घटना ने सड़क सुरक्षा और ड्राइवर की थकान जैसी वजहों पर चेतावनी दी है।

अधिकारियों को उम्मीद है कि वे इस तरह के हादसों को रोकने के लिए विशेष उपाय करेंगे ताकि यातायात सुरक्षित और व्यवस्थित रह सके। घटना की तस्वीरें और वीडियो में ट्रक की हुई भारी क्षति साफ देखी जा सकती है, जो इस हादसे की भयानकता को दर्शाते हैं। कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

**शहादत दिवस** | राज्य सरकार की ओर से दो दिवसीय धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत पर सीएम मान और केजरीवाल ने टेका माथा

**समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब**

गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आज गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा दल छावनी में अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हाजिरी लगाई और अकाल पुरख का आशीर्वाद लिया। दोनों नेताओं ने संगत के साथ 'सरबत दा भला' की अरदास में भाग लिया। मुख्यमंत्री मान और अरविंद केजरीवाल ने कहा



भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत पर टेका माथा। - समर न्यूज़

कि गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाएं शांति, सद्भाव और मानवता के सिद्धांतों का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह इतिहास में अद्वितीय है और हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। दोनों नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार गुरु साहिबों की शिक्षाओं से मार्गदर्शन लेकर पंजाब के लोगों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग 23 से 25 नवंबर तक आनंदपुर साहिब में आयोजित कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लें और इस पवित्र अवसर को सामाजिक एकता व सद्भाव के साथ मनाएं।

# पंजाब का सबसे छोटा जिला मलेरकोटला बदहाल

# म... से मलेरकोटला म... से मुसीबत बनकर रह गया

**▪ डीसी-एसएसपी बेघर, दफ्तर भी अस्थायी, 4 साल बाद भी जिला मुख्यालय कागजों में; टूटी सड़कें, कचरे के ढेर और अधूरी परियोजनाओं से जूझते लोग**

***▪ पंजाब के सबसे छोटे और सबसे नए ज़िले मलेरकोटला की स्थिति आज भी जस की तस है। शहर के हालात इतने खराब हैं कि यहां के अधिकारी तक स्थायी दफ्तर और आवास से वंचित हैं। दूसरी तरफ़, बदहाल सड़कों, कचरे के ढेर और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने यहां के निवासियों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी मुश्किल बना दी है। चार साल पहले नए ज़िले के रूप में बने मलेरकोटला में आज भी ज़िला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स, न्यायिक भवन, पुलिस लाइंस और कई घोषित परियोजनाएं केवल कागज़ों तक सीमित हैं।***



जलापूर्ति विभाग की इमारत से चल रहा डीसी दफ्तर।

**आरज़ू शेख | मलेरकोटला/चंडीगढ़**

चार साल हो गए इस जिले को अस्तित्व में आए। ज़िले की जमीनी हकीकत गंदगी, टूटी सड़कें और बदबू आज यही है। शायद पूरे देश में ऐसा गंदा शहर कहीं नहीं होगा। हर तरफ गंदगी और बदबू है। ज़रा-सी दूरी तय करने में भी कमर टूट जाती है। ये कहना है यहां के एक बुजर्ग का। सरहंदी गेट को जाने वाली सड़क की जगह कच्चा, उबड़-खाबड़ रास्ता है और दोनों ओर कचरे के बड़े ढेर। कई जगह बिना लाइसेंस वाले मीट शॉप्स से उठती बदबू हालात को और खराब करती है। नूर जमाल का दर्द और गहरा है- "कम से कम 15 साल से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई। लोग खुद मिट्टी डालकर गड्ढे भरते हैं। अल्लाह जाने कैसा ज़िला बनाया है।"

चार साल बाद भी मलेरकोटला में ज़िला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स नहीं बना। क्योंकि न्यायिक भवन अधूरा है इसलिए सेशंस जज की नियुक्ति नहीं हुई। डीसी, एडीसी और एसएसपी के पास स्थायी आवास तक नहीं है। सभी अधिकारी अस्थायी इमारतों से काम कर रहे हैं। डीसी फिलहाल पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, एडीसी नगर परिषद अधिकारी के घर, एसएसपी पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर के क्वार्टर में रहते हैं। डीसी-एडीसी कार्यालय पंजाब स्टेट ट्यूबवेल कॉरपोरेशन भवन, एसएसपी कार्यालय उद्योग विभाग की इमारत से अपना कामकाज देखते हैं।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कटाक्ष किया कि"कभी-कभी लगता है लोग हमें सड़क पर खड़ा कर पीट क्यों नहीं देते। हमें भी विकास नजर नहीं आता। ज़िला राजनीतिक घोषणा थी, प्रशासनिक तैयारी नहीं।

एडीसी सुखप्रीत सिंह सिद्धू कहते हैं कि सरकारी ज़मीन बहुत कम उपलब्ध है। विभिन्न विभागों से भूमि हस्तांतरण में लंबा समय लगा। डीएसी के लिए ज़मीन का हस्तांतरण 2.5 साल बाद पूरा हुआ। मैपिंग केंद्र सरकार को भेजी गई है। कचरे और सड़क समस्या पर कहते हैं कि सफाई के बाद भी लोग कुछ ही घंटों में गंदगी फैलाते हैं; नागरिक भागीदारी जरूरी है। डीसी विराज श्यामकर्ण तिडके का कहना है कि कई परियोजनाओं की ज़मीन मिल चुकी है। दो पुराने कचरा डंप हटाए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज और ईएसआई अस्पताल की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। एसएसपी गगन अजित सिंह ने बताया कि पुलिस लाइंस और एसएसपी आवास के लिए ज़मीन चिन्हित की गई है। निर्माण जल्द शुरू होगा।



जरग चौक से खन्ना रोड की हालत। -समर न्यूज़

## मलेरकोटला इसलिए सबसे जुदा, जहां रत्ती भर भी हिंसा नहीं हुई

**▪ घोषित योजनाएं : 4 साल बाद भी अधर में।**
**▪ कैप्टन अमरिंदर सिंह की घोषणाएं (2021):**

- महिला डिग्री कॉलेज - बाउंड्री वॉल अधूरी
- 500 करोड़ का मेडिकल कॉलेज - भूमि हाल ही में मिली
- नया बस स्टैंड - कार्य शुरू नहीं
- महिला थाना-निर्णय लंबित
- मुबारक मंज़िल पैलेस का रेस्टोरेशन - शुरू नहीं

**▪ फैक्टफ़ाइल**
- कुल आबादीः 4,29,754
- ग्रामीणः 2,55,689
- शहरीः 1,74,065

**▪ मुख्य कस्बे**
- मलेरकोटलाः 1,35,424
- अहमदगढ़ः 31,302
- अमरगढ़ः 7,339

**▪ धर्मानुपात (शहर): 2011 जनगणनाः**
- मुसलमानः 68.5%
- हिंदूः 20.7%
- सिखः 9.49%



*मलेरकोटला का इतिहास 15वीं शताब्दी में सूफी संत शेख सदरुद्दीन (हैदर शेख) के समय से शुरू होता है। बाद में यह अफ़ग़ान मूल की एक रियासत बनी, जिसे मुगलों द्वारा 1657 में आधिकारिक मान्यता मिली। 1450 के दशक में, सूफी संत शेख सदरुद्दीन सदर-ए-जहाँ ने मालेर बस्ती की नींव रखी, जो मलेरकोटला के इतिहास की शुरुआत मानी जाती है। 1657 में, उनके वंशज बायजीद खान को मुगलों ने नवाब की उपाधि दी और मलेरकोटला रियासत की स्थापना हुई। पंजाब का केवल मुस्लिम-बहुल ज़िला है।*

### गुरु गोबिंद सिंह जी के साथ संबंध...

*1705 में, नवाब शेर मोहम्मद खान ने सरहिंद के गवर्नर के खिलाफ गुरु गोबिंद सिंह जी के बच्चों को बचाने के लिए विरोध किया, जिसके कारण गुरु साहिब ने उन्हें कृपाण भेंट की और मलेरकोटला को सिख इतिहास में सम्मान मिला। फतेहगढ़ साहिब जिले में स्थापित विशाल गुरुद्वारे के मुख्य द्वार पर लगी तस्वीरों में से एक तस्वीर एक 'मुसलमान' की है। जी हां- उस मुसलमान की जिसे सिख समुदाय और इतिहास में बेहद आदर हासिल है। इस तस्वीर में नजर आने वाला चेहरा मलेरकोटला के 1704 ईस्वी में नवाब रहे शेर मोहम्मद खान का है। आने वाले लोग इस तस्वीर के आगे भी नतमस्तक होते हैं और अपने-अपने ढंग से शुकराना अदा करते हैं। शेर मोहम्मद खान की बदौलत मलेरकोटला का नाम दुनिया भर में सिख इतिहास पर लिखी गई बेशुमार भाषाओं की किताबों में बाकायदा पूरे तथ्यों के साथ शुमार है। 1947 में भारत-पाक विभाजन हुआ तो दोनों तरफ के पंजाब में हुए नरसंहार में 10 लाख से ज्यादा हिंदू/सिख-मुसलिम मारे गए और इससे दोगुनी संख्या में पलायन हुआ। स्वतंत्रता के बाद, रियासत पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्य संघ (पेपसू) में विलय हो गई और बाद में 1956 में पंजाब राज्य का हिस्सा बन गई। भारतीय पंजाब भी पूरी तरह से खून-खराबे की जद में रहा। सिवाय मलेरकोटला के पूरे सूबे में जबरदस्त मारकाट और हिजरत हुई। लेकिन ऐतिहासिक अपवाद है कि मलेरकोटला में रत्तीभर भी हिंसा नहीं हुई और इस पूरी तरह से मुसलिम बाहुल्य इलाके से एक भी परिवार ने पलायन नहीं किया। खुद सिखों और हिंदुओं ने शहर की चौतरफा घेराबंदी करके इसकी हिफाजत की। मलेरकोटला के नवाब शेर मोहम्मद खान इसके महानायक हैं। जिन्हें व्यक्तिगत तौर पर दशम गुरु गोविंद सिंह का आशीर्वाद और सराहना हासिल हुई। गुरु गोविंद सिंह के अंतिम दिनों के काल से चली आ रही, नवाब को शहीदी हफ्ते में अतिरिक्त मान-सम्मान देने की रिवायत आज भी विधिवत कायम है। मलेरकोटला में मस्जिद, गुरुद्वारा और मंदिर एक-दूसरे के पास हैं और सद्भाव की परंपरा कायम है।*



*▪ मालेरकोटला से आप पार्टी के विधायक मोहम्मद जमील-उर-रहमान ने इस विषय पर बातचीत करते हुए बताया कि पूर्व विधायक रज़िया सुल्ताना ने लोगों की वाहवाही पाने के लिए कांग्रेस सरकार के दौरान बिना किसी उचित प्लानिंग के मालेरकोटला को ज़िला घोषित करा दिया था। उन्होंने कहा कि "बिना योजना के ज़िला बनाने का परिणाम यह हुआ कि किसी भी विभाग के पास अपनी स्थायी इमारत तक नहीं थी। विधायक ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद उन्होंने मालेरकोटला के विकास को प्राथमिकता देते हुए उचित प्लानिंग तैयार करवाई है। सही जगहों का चयन कर यह तय किया गया कि किस विभाग की इमारत कहाँ बनाई जा सकती है। इसी कड़ी में पुलिस लाइन, सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटित करवा दी गई है और जल्द ही इनका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।*

## सेक्स समस्या का झांसा दे 'गुरुजी' से 48 लाख ठगे

**समर न्यूज़ | बेंगलुरु**

बेंगलुरु के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी है कि खुद को आयुर्वेदिक विशेषज्ञ बताने वाले एक व्यक्ति ने सेक्स संबंधी समस्याओं का इलाज करने के बहाने उससे लगभग 48 लाख रुपये वसूल लिए और नुकसानदायक दवाएं दी। पीड़ित ने विजयलक्ष्मी आयुर्वेदिक स्टोर चलाने वाले कथित "विजय गुरुजी" के खिलाफ धोखाधड़ी, हानिकारक पदार्थ बेचने और स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाने के आरोप में कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच चल रही है।

एफआईआर के अनुसार, पीड़ित की शादी 2023 में हुई थी और इसके बाद उसे कुछ यौन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसके लिए वह केंगेरी स्थित एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल में उपचार ले रहा था। 3 मई को वह सड़क से गुजर रहा था, जब उसकी नजर एक टेंट पर पड़ी जिस में "सेक्स की समस्या का त्वरित समाधान" लिखा था। उत्सुकता में वह अंदर चला गया। अंदर मौजूद व्यक्ति ने उसे बताया कि "विजय गुरुजी" उसकी समस्या दूर कर सकते हैं। पीड़ित का आरोप है कि गुरुजी ने ऑनलाइन भुगतान से मना किया और केवल कैश लेने पर जोर दिया। भरोसा कर उसने दवा खरीद ली। बाद में उसे भवन बूटी नाम का तेल भी दिया गया, जिसकी कीमत 76,000 रुपये प्रति ग्राम थी। कुछ ही हफ्तों में वह 17 लाख रुपये खर्च कर चुका था।

**पहली मुलाकात में चौंकाने वाला मेल-मिलापः ट्रंप-ममदानी ने महंगाई और आवास संकट पर दिखाई एकजुटता**

# ट्रंप और जोहरान ममदानी के रिश्तों में अचानक नरमी

**एजेंसी | वाशिंगटन**

अमेरिका की राजनीति में शुक्रवार को एक अनपेक्षित दृश्य देखने को मिला—न्यूयॉर्क के नव-निर्वाचित मेयर ज़ोहरान ममदानी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई पहली मुलाक़ात में तनातनी की जगह गर्मजोशी देखने को मिली। जिन दो नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर कठोर शब्द छोड़े थे, वे अब मुस्कुराते हुए एक-दूसरे की तारीफें करते दिखे। ट्रंप ने मुलाक़ात की तस्वीरें ट्रुथ सोशल पर साझा करते हुए लिखा न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर ज़ोहरान ममदानी से मिलना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात वहीं, ममदानी ने पत्रकार वार्ता का एक छोटा वीडियो पोस्ट कर लिखा कि न्यूयॉर्क के कामकाजी लोग अब राजनीतिक बहस के केंद्र में लौटने चाहिए। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे अमीर शहर में भी पांच में से एक व्यक्ति 2.90 डॉलर का किराया नहीं दे पाता। मैंने राष्ट्रपति से कहा कि अब इन लोगों को फिर राजनीति का मुख्य हिस्सा बनाना जरूरी है।

**चुनावी हमलों वाली बयानबाज़ी गायब**

जब दोनों नेता पत्रकारों के सामने आए तो एक रिपोर्टर ने याद दिलाया कि चुनाव के दौरान ट्रंप ने ममदानी को कम्युनिस्ट और ममदानी ने राष्ट्रपति को तानाशाह कहा था। लेकिन दोनों ऐसी टिप्पणी पर मुस्कुराकर बात टालते दिखे। एक मौके पर जब ममदानी से पूछा गया कि क्या वो ट्रंप को अब भी फासीवादी मानते हैं, तभी ट्रंप ने मज़ाकिया अंदाज में उनके हाथ पर थपकी देते हुए कहा बस हां कह दो, समझाना मुश्किल है। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों को हंसा भी गया और चौंकाया भी।दूसरे सवाल में पत्रकार ने ममदानी से पूछा कि क्या वह तानाशाह वाली टिप्पणी वापस लेंगे। ममदानी ने जवाब दिया राष्ट्रपति और मैं दोनों अपनी-अपनी विचारधारा पर स्पष्ट हैं। लेकिन आज की हमारी बातचीत असहमति पर नहीं बल्कि साझा लक्ष्यों पर केंद्रित रही यही 85 लाख लोगों के जीवन में बदलाव ला सकती है।

महंगाई, गरीबी, आवास संकट जैसे मुद्दे दोनों की बातचीत का केंद्र रहे। ममदानी ने कहा कि न्यूयॉर्क में हर चार में एक व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे है और दोनों नेताओं ने यह माना कि जीवन को किफायती बनाना अब अनिवार्य है।

**ट्रंप का नरम पक्ष भी दिखा**

ट्रंप ने भी अपने चुनाव अभियान के दौरान ममदानी पर की गई कई टिप्पणियों से दूरी बनाई। उन्होंने मजाक में कहा मुझे इससे भी बुरा कहा गया है। हो सकता है कि हमारे साथ काम करने से ये मेरी राय बदल दें।

जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह जिहादी के बगल में खड़े हैं जो कि रिपब्लिकन सांसद एलिस स्टेफानिक की विवादास्पद टिप्पणी पर आधारित था—ट्रंप ने इस बयान को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा नहीं, बिल्कुल नहीं। चुनाव प्रचार में बहुत कुछ कहा जाता है। जिस व्यक्ति से मैं मिला हूं, वह समझदार और शहर की भलाई चाहता है।

**न्यूयॉर्क पर साझा प्रेम और समानताएं**


दोनों नेताओं ने इस बात पर कई बार जोर दिया कि उन्हें न्यूयॉर्क शहर से गहरा लगाव है। ट्रंप ने कहा कि न्यूयॉर्क अविश्वसनीय शहर है और वे खुश होंगे अगर यह फिर से अपनी पुरानी चमक हासिल कर सके। ममदानी ने भी कहा कि शहर को किफायती और सुरक्षित बनाने के लिए राष्ट्रपति से उनकी सार्थक चर्चा हुई। दिलचस्प बात यह है कि दोनों न्यूयॉर्क के क्वींस से आते हैं—ट्रंप का बचपन जमैका एस्टेट्स में बीता, जबकि ममदानी वर्तमान में एस्टोरिया में रहते हैं। यह साझा पृष्ठभूमि दोनों को एक-दूसरे के थोड़ा और करीब ले आई प्रतीत हुई।

**महंगाई, आवास और अपराध पर असामान्य सहमति**

मुलाकात के बाद ममदानी ने बताया कि आवास लागत और किराया नियंत्रण पर उन्होंने राष्ट्रपति से गहन चर्चा की है। ट्रंप ने भी कहा कि अपराध के मुद्दे पर दोनों का नजरिया एक जैसा है न तो वो अपराध बढ़ता देखना चाहते हैं न मैं। यह बात कई पर्यवेक्षकों के लिए अप्रत्याशित थी, क्योंकि दोनों की वैचारिक दूरी काफी मानी जाती रही है। हालांकि मुलाकात का माहौल सकारात्मक रहा, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि प्रवासन नीति जैसे बड़े मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच फिर टकराव हो सकता है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासन पर कड़े कदम उठाए हैं।

# दो विदेशी महिलाओं ने गोवा पुलिस पर बदसलूकी का आरोप लगाया

**एजेंसी | गोवा**






गोवा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में है लेकिन इस बार कारण बेहद चिंताजनक है। दो विदेशी महिलाओं, जिनमें एक रूसी मूल की डीजे और दूसरी अभिनेत्री शामिल हैं, ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया है कि बुधवार देर रात नियमित चेकिंग के दौरान गोवा पुलिस के एक पुरुष अधिकारी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

सेलिब्रिटी डीजे क्रिस्टीना और अभिनेत्री एवगेनिया बेल्सकिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साझा किए वीडियो में दावा किया कि सिओलिम से मोरजिम की ओर जाते समय पुलिस ने उनकी कार रोकी और पूछताछ के दौरान अधिकारी ने न सिर्फ अनुचित भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उन्हें 'कुतिया' कहकर अपमानित किया। क्रिस्टीना ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने धमकी देते हुए कहा "अपने देश वापस जाओ, तुम यहां की नहीं हो।"

क्रिस्टीना ने यह भी सवाल उठाया कि रात में महिला यात्रियों को रोकने और जांच करने का अधिकार केवल महिला पुलिसकर्मियों के पास होना चाहिए, लेकिन वहां कोई महिला अधिकारी मौजूद नहीं थी। उन्होंने बताया कि उनके कई दोस्तों खासकर विदेशी महिलाओं ने भी गोवा पुलिस के इसी तरह के व्यवहार की शिकायत की है।

एवगेनिया बेल्सकिया ने भी अधिकारी पर असम्मानजनक बर्ताव का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कोई गलती नहीं की थी, फिर भी पुलिसकर्मी का रवैया बेहद "आक्रामक और असभ्य" था। उन्होंने कहा कि अगर कोई इस स्थिति को सुधारने में मदद कर सकता है, तो आगे आए।

वीडियो वायरल होने के बाद दोनों महिलाओं को मंड्रेम थाने बुलाया गया। उत्तरी गोवा के एसपी हरिश्चंद्र मडकाइकर ने पुष्टि की कि शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है और संबंधित पुलिसकर्मी की पहचान के बाद विभागीय कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

## Good DAY

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



*जिंदगी में गलती करना इंसान की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। कोई भी व्यक्ति परिपूर्ण नहीं होता, और कभी-कभी अनजाने में, भावनाओं में या परिस्थिति के दबाव में हमसे गलतियाँ हो ही जाती हैं। लेकिन असल मायने इस बात के नहीं होते कि गलती किसने की, बल्कि इस बात के होते हैं कि हम उस गलती के बाद क्या करते हैं। जब कोई व्यक्ति अपनी भूल को स्वीकार करते हुए माफी मांगता है, तो वह छोटा नहीं होता बल्कि उसका साहस, ईमानदारी और विनम्रता सामने आती है। माफी मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि एक मजबूत चरित्र की पहचान है। वहीं, जो इंसान माफ़ कर देता है, उसके दिल की विशालता और इंसानियत सबसे बड़ी होती है। माफ़ करने की शक्ति समाज में शांति, प्रेम और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत बनाती है। हम सभी को अपनी जिंदगी में, खासकर अपनों के साथ, रिश्तों को बचाए रखने के लिए यह सीखना चाहिए कि गलती होने पर तुरंत माफी मांगे और किसी की गलती को दिल में रखकर दूरी न बढ़ाएं। रिश्ते अनमोल होते हैं, और इन्हें बचाने के लिए क्षमा और संवाद दोनों बेहद जरूरी हैं।*

**पवन कुमार, डीएसपी लुधियाना**

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | **बिना आधार दिए पहचान साबित होगी; UIDAI लाया सिक्योर QR व डिजिटल क्रेडेंशियल**

# नया आधार ऐप... अधिक कंट्रोल, अधिक सुरक्षा

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया जल्द ही एक बिल्कुल नया आधार ऐप लेकर आ रही है, जिसे पहचान सत्यापन को और अधिक सुरक्षित, निजी और दस्तावेज-रहित बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ऐप खास तौर पर ऑफलाइन वेरिफिकेशन पर जोर देता है, ताकि लोगों की आधार कॉपी साझा करने से होने वाली संभावित धोखाधड़ी को रोका जा सके। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार के अनुसार, नया ऐप ऑफलाइन सत्यापन के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय इकोसिस्टम तैयार करेगा और उपयोगकर्ताओं को यह भी बताएगा कि उनकी निजी जानकारी किस तरह सुरक्षित की जाती है।

## ऑफलाइन वेरिफिकेशन क्यों महत्वपूर्ण

*होटल चेक-इन, ऑफिस एंट्री, इवेंट रजिस्ट्रेशन या किराए पर घर लेने जैसी स्थितियों में लोग अक्सर अपने आधार की फोटो स्टेट कॉपी साझा कर देते हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह अभ्यास डेटा दुरुपयोग का बड़ा कारण बन सकता है। नया ऐप उपयोगकर्ताओं को बिना आधार नंबर दिखाए, बिना दस्तावेज़ दिए सिर्फ सिक्योर क्यूआर कोड या ऐप-आधारित डिजिटल क्रेडेंशियल के माध्यम से अपनी पहचान साबित करने देगा। यूआईडीएआई के डिप्टी डायरेक्टर जनरल विवेक चंद्र वर्मा ने बताया कि क्यूआर वेरिफिकेशन, ऑफलाइन फेस ऑथेंटिकेशन और अन्य विकल्प सुरक्षा को और मजबूत बनाएंगे। यूआईडीएआई ने हाल ही में अपने नए आधार ऐप को लॉन्च किया है, जिसमें कई उन्नत फीचर्स जोड़े गए हैं ताकि यूजर्स को अपने डेटा पर पूरा नियंत्रण मिल सके।*

**▪ प्रमुख सुविधाएं...**

*मल्टी-प्रोफाइल सपोर्ट, एक ही ऐप में परिवार के 5 सदस्यों के आधार प्रोफाइल सेव किए जा सकते हैं। लिमिटेड फुल डेटा शेयरिंग, यूजर अपनी जरूरत के अनुसार केवल आवश्यक जानकारी ही साझा कर सकते हैं पूरी आधार जानकारी की आवश्यकता नहीं। बायोमेट्रिक लॉक अनलॉक सिर्फ एक टैप में बायोमेट्रिक को लॉक कर अनधिकृत उपयोग से बचाव। पेपरलेस ऑफलाइन वेरिफिकेशन क्यूआर कोड और डिजिटल क्रेडेंशियल्स के ज़रिए बिना इंटरनेट के भी पहचान की पुष्टि संभव। आसान अपडेट फीचर, मोबाइल नंबर व पता अपडेट करना अब पहले से कहीं आसान और तेज। यूआईडीएआई का कहना है कि यह ऐप सुरक्षा, सुविधा और प्राइवेसी तीनों को बेहतर बनाता है।*

**▪ ऐप का उपयोग कैसे करें...**

*यूआईडीएआई ने नए ऐप के इस्तेमाल की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा है। ऐप केवल आधिकारिक स्रोतों से डाउनलोड करें। लॉगिन के लिए आपके आधार से लिंक मोबाइल नंबर और फेस वेरिफिकेशन की जरूरत होगी। इसके बाद यूजर अपनी प्रोफाइल को 6 अंकों का पासवर्ड देकर सुरक्षित कर सकते हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि एक डिवाइस पर एक ही आधार प्रोफ़ाइल सक्रिय होगी। यदि आप किसी दूसरे फोन में लॉगिन करते हैं, तो पुरानी प्रोफाइल अपने आप निष्क्रिय हो जाएगी। यूआईडीएआई ने संस्थानों और कंपनियों को ऑफलाइन वेरिफिकेशन सीकिंग एंटिटीज के रूप में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया है, ताकि देश भर में पहचान सत्यापन और अधिक सुरक्षित और मानकीकृत हो सके। नई प्रणाली का उद्देश्य है तेज, सुरक्षित, निजी और उपयोगकर्ता-नियंत्रित पहचान प्रक्रिया जो धोखाधड़ी के जोखिम कम करे और आधार डेटा की सुरक्षा को मजबूत बनाए।*

# पलवल में 20 बदमाशों ने युवक से की मारपीट कर चाचा को थार से कुचला

## सीसीटीवी में कैप्चर गुंडागर्दी, गाड़ियां भरकर आए हमलावर मारपीट कर हुए फरार

समर न्यूज़ | पलवल




गांव ततारपुर में शनिवार रात गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने एक घर पर हमला कर युवक को बेरहमी से पीटा और उसके चाचा को थार गाड़ी से टक्कर मार घायल कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित प्रेम सिंह ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वह अपने चाचा के बेटे गौतम के साथ पैदल गांव के चौक की ओर जा रहा था। तभी पीछे से एक बाइक पर तीन युवक आए, जिनमें पृथला निवासी अक्षय भी शामिल था। बाइक सवारों ने अचानक चलती गाड़ी से गौतम को थप्पड़ मारा और जातिसूचक गालियां देकर अपमानित किया। विवाद पर आरोपियों ने धमकी दी कि वे जल्द ही वापस आएंगे।

शिकायत के अनुसार करीब डेढ़ घंटे बाद अक्षय तीन कारों में 15 से 20 युवकों के साथ वापस लौटा। उनके हाथों में पिस्टल, देसी कट्टे और डंडे थे। सभी प्रेम के घर के बाहर खड़े हो गए और गौतम को देखते ही मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर प्रेम और उसका चाचा महावीर बाहर आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसी दौरान अक्षय ने अपनी थार गाड़ी से महावीर को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के लोग इकट्ठा होते देख आरोपी गाड़ियों में बैठकर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

सूचना मिलने पर डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और महावीर को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। गदपुरी थाना पुलिस ने प्रेम सिंह की शिकायत पर अक्षय, दीपक उर्फ बीजू, विरेन, मड्डू समेत 15 से 20 अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और तथ्यों के आधार पर जांच जारी है, जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्नैचिंग गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस को अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-45 में 17 नवंबर को हुई चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो कुख्यात बदमाश सुमित और संजू को 21 नवंबर को दबोच लिया। दोनों दिल्ली–गुरुग्राम में सक्रिय हैं और हत्या-प्रयास, लूट, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में पहले से वांछित चल रहे थे। संजू पर 11 और सुमित पर 10 केस दर्ज हैं। इधर उद्योग विहार क्षेत्र में आतंक मचाने वाला कुख्यात शूटर मनीष उर्फ गोगा (28) भी पुलिस ने द्वारका एक्सप्रेसवे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गोगा हाल ही में ओल्ड दिल्ली रोड पर फायरिंग और धमकाने की वारदात के बाद फरार था। उसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, फिरौती, गैंग गतिविधि और आर्म्स एक्ट सहित 20 संगीन मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी अपराधी नेटवर्क पर बड़ा झटका मानी जा रही है।

# खरखोदा डबल मर्डर केस का वांटेड शार्प शूटर मुठभेड़ में ढेर

## मानेसर–पलवल एक्सप्रेसवे पर एंटी गैंगस्टर यूनिट की कार्रवाई

समर न्यूज़ | सोनीपत

खरखोदा के गोपालपुर गांव में 24 अक्टूबर को हुए पिता पुत्र धर्मवीर और मोहित की हत्या के मामले में वांछित कुख्यात शार्प शूटर शुभम को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। यह कार्रवाई मानेसर–पलवल एक्सप्रेसवे पर सोनीपत एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 और सीआईए-1 की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

पुलिस के अनुसार, शुभम और उसके साथियों पर धर्मवीर और मोहित की करीब 10–15 राउंड गोलियां चलाकर हत्या करने का आरोप था। मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा माना जा रहा है। वारदात के बाद से शुभम फरार था और लगातार गैंगस्टर गतिविधियों में शामिल रहने के कारण पुलिस की रडार पर था।

जांच के दौरान शुभम के छिपे होने की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने एक्सप्रेसवे पर उसे घेर लिया।


मृतक शार्प शूटर को एंबुलेंस में लेकर जाते हुए। - समर न्यूज़

खुद को घिरता देख उसने पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से मौके पर ही ढेर हो गया। उसका एक साथी बाइक पर सवार होकर भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश जारी है। मुठभेड़ के बाद सोनीपत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। शुभम के शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शुभम पर हत्या, गोलीबारी और गैंगवार जैसी कई संगीन वारदातों के मामले दर्ज थे। मामले की आगे की जांच जारी है।

# पोते ने खेत में दादा की हत्या की, आरोपी फरार

## गांव इस्माईला में मामूली पारिवारिक विवाद का अंजाम खौफनाक


पुलिस हत्या वाली जगह पर जांच करती हुई। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | रोहतक

गांव इस्माईला में पारिवारिक विवाद ने रविवार को खौफनाक रूप ले लिया। प्लॉट को लेकर हुए झगड़े में पोते ने अपने 65 वर्षीय दादा की खेत में ही लोहे की रॉड मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, इस्माईला निवासी सतबीर रविवार दोपहर खेत में धान की झड़ाई कर रहे मजदूरों के लिए चाय लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान उनका 22 वर्षीय पोता कपिल, जो पहले से ही खेत में मौजूद था, उनके साथ कहासुनी करने लगा। आरोप है कि कपिल ने गुस्से में आकर लोहे की रॉड से सतबीर के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही सांपला थाना पुलिस एफएसएल टीम और डॉक्टर सरोज दहिया के साथ मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह के अनुसार, मामले की जांच जारी है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अनिल विज ने की गुरु तेग बहादुर शहादत दिवस पर राजपत्रित अवकाश की मांग



अनिल विज।

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

ऊर्जा परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर राजपत्रित अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है। मंत्री विज ने कहा कि गुरु साहिब का बलिदान मानवता और धर्म की रक्षा का प्रतीक है और 25 नवंबर को लाखों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक पर्व में शामिल होना चाहते हैं। पत्र में विज ने लिखा कि गुरु साहिब की शहादत धार्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए, 25 नवंबर को राजपत्रित अवकाश घोषित करना उचित होगा। गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवाधिकार और सत्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिन्हें "हिंद की चादर" के नाम से जाना जाता है।

# पार्कों से सरकारी लाइट चुराने वाले दो पकड़े

## आरोपी ने 20 से अधिक सरकारी लाइट चोरी करने की बात कबूली


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | पंचकूला

शहर के सरकारी पार्कों से लगातार लाइट चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने दो आरोपियों शीतल और विश्वनाथ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को ई-रिक्शा में लादकर लाइट्स चोरी करते सीसीटीवी फुटेज में पकड़ा गया। दोनों ने 20 से अधिक सरकारी लाइट चोरी करने की बात कबूली है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि उनसे विस्तृत पूछताछ की जा सके। शीतल और विश्वनाथ पंचकूला के भैंसा टिब्बा गांव के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पहले मनसा देवी क्षेत्र के नए पार्क में लगी लाइट्स चोरी हो गई थी। मामले की शिकायत के बाद एमडीसी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और आरोपियों को पकड़ा। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया, सभी में वे लाइट्स को ई-रिक्शा में लादकर फरार हो जाते थे। पुलिस अब बाकी चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। इस गिरफ्तारी से शहर में चोरी की घटनाओं को रोकने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## वूशु के नेशनल खिलाड़ी मंजीत का स्पोर्ट्स कोटे से सेना में चयन

सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

जिले के गांव घोड़ी निवासी बूसु के राष्ट्रीय खिलाड़ी मंजीत का भारतीय सेना में स्पोर्ट्स कोटे से अग्निवीर के तौर पर चयन हुआ है।

इस अवसर पर गांव में सम्मान समारोह आयोजित कर मंजीत और उनके कोचिंग संस्थान अर्जुन स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालकों को फूल मालाएं और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

गरीब किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले मंजीत के पिता किसान हैं और माता गृहिणी। परिजनों ने खुशी जताते हुए कहा कि बेटा सेना में सेवा करेगा, इससे बड़ा गर्व का क्षण नहीं हो सकता।

परिवार ने अपनी सफलता का श्रेय अर्जुन स्पोर्ट्स एकेडमी को दिया। परिजनों का कहना था कि एकेडमी ने लगातार मार्गदर्शन और प्रेरणा देकर मंजीत को इस मुकाम तक पहुंचाया।

# रायपुर रानी क्षेत्र में अवैध खनन पर पुलिस ने जेसीबी-टिप्पर जब्त किए



अवैध खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती हुई। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | पंचकूला

जिले में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए पंचकूला पुलिस ने शुक्रवार को रायपुर रानी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। पुलिस की एंटी–इलीगल माइनिंग टीम-2 ने गांव शाहजाहपुर के पास चल रही मिट्टी व खनिज सामग्री की अवैध खुदाई को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गुप्त सूचना पर पहुंची टीम ने मौके से एक जेसीबी और एक टिप्पर जब्त कर रायपुर रानी थाना परिसर में खड़ा करा दिया। थाना प्रभारी प्रीतम सिंह और डायल-112 टीम ने कार्रवाई में सहयोग किया। पुलिस ने माइनिंग विभाग को सूचना देकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि अवैध खनन से राजस्व को नुकसान और पर्यावरण को गंभीर हानि होती है। उन्होंने दोहराया कि जिले में अवैध माइनिंग किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलते ही तुरंत छापेमारी की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध खनन जैसी गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। जिले में संयुक्त टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और अभियान को आगामी दिनों में और सख्ती के साथ जारी रखा जाएगा।

# कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के दौरे और रैली को लेकर तैयारियां तेज

## खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

समर न्यूज़ | पलवल


खेल मंत्री बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। - समर न्यूज़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित हरियाणा दौरे और कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पलवल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने की।

बैठक में पलवल, होडल और हथीन मंडलों के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरव गौतम ने बताया कि पलवल जिले से तीन से चार हजार कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों से रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में श्रमिकों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं और नए श्रम कानूनों से करोड़ों श्रमिकों को सीधा लाभ मिला है। इसी विकास मॉडल पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हुआ है। बैठक के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना भी साधा।

गौतम ने कहा कि कांग्रेस दिशाहीन हो चुकी है और वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि भाजपा विकास और सुशासन के आधार पर जनसमर्थन प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा की जीत इसका प्रमाण है। कार्यकर्ताओं से रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान करते हुए मंत्री ने बूथ स्तर की तैयारी, परिवहन व्यवस्था और जिम्मेदारियों पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

# हरियाणा राज्य कुश्ती चैंपियनशिप में सेना, रेलवे के खिलाड़ी अब नहीं खेल पाएंगे

## विभागीय खिलाड़ियों पर रोक, अब नए पहलवानों को मिलेगा मौका

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा राज्य कुश्ती एसोसिएशन ने बड़ा फैसला लेते हुए सेना, नौसेना, वायु सेना और रेलवे में सेवाएं दे रहे खिलाड़ियों को राज्य कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक दिया है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से मिले निर्देशों के बाद यह आदेश सभी जिला कुश्ती संघों, अखाड़ा संचालकों और इवेंट आयोजकों को जारी कर दिया गया है। एसोसिएशन के हरियाणा महासचिव डॉ. राकेश सिंह कोच ने बताया कि एसएससीबी और आरएसपीबी की टीमें पहले से ही राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेती हैं। ऐसे में शिकायतें आ रही थीं कि विभागीय खिलाड़ी जिला स्तर पर मुकाबलों में उतरकर उभरते स्थानीय पहलवानों के अवसर सीमित कर देते हैं। इन्हीं शिकायतों और व्यापक विचार-


कुश्ती करते हुए खिलाड़ी। - समर न्यूज़

विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है ताकि नए खिलाड़ियों को बराबर अवसर मिल सके।

निर्देशों के अनुसार, किसी भी जिले में यदि कोई विभागीय खिलाड़ी प्रथम स्थान पर आया है, तो उसकी जगह द्वितीय स्थान वाला पहलवान राज्य चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा। सभी जिलों को 25 नवंबर तक अपनी अंतिम खिलाड़ियों की सूची राज्य संघ को भेजनी होगी। निर्धारित समय तक सूची न भेजने वाले जिलों के खिलाड़ियों को चैंपियनशिप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सूची में यह उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि कौन खिलाड़ी किसी विभागीय टीम में तैनात है।

# नारनौंद में जमीन के सौदे पर 95 लाख की ठगी, सात के खिलाफ मामला दर्ज

## 100 कनाल जमीन सौदे में बड़ा खेल, रजिस्ट्री से पहले ही किसी और के नाम कराई जमीन

समर न्यूज़ | नारनौंद

नारनौंद थाना पुलिस ने जमीन के सौदे के नाम पर 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों में नारनौंद निवासी कविता, उसका पति बिजेंद्र, राजपाल, सरोज बाला, धारसुल खुर्द निवासी कविता, वीरेंद्र और सुनीता शामिल हैं। कार्रवाई खरखौदा निवासी सतीश की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता सतीश के अनुसार, 13 दिसंबर 2024 को उसने नारनौंद की कविता से 100 कनाल जमीन का सौदा 38.50 लाख रुपये प्रति एकड़ पर किया था। सौदे के दौरान उसने 60 लाख रुपये जिनमें 16 लाख नकद और 44 लाख रुपये पांच चेकों से आरोपी पक्ष को दिए थे। रजिस्ट्री की तारीख 2 मई 2025 तय हुई थी।

सतीश का आरोप है कि आरोपियों ने उससे सौदा करने से पहले ही जमीन का इकरारनामा राजपाल के नाम कर रखा था और उसे गलत जानकारी दी कि जमीन पर कोई विवाद या स्टे नहीं है। आरोप है कि आरोपियों ने उसी जमीन का दूसरा सौदा भी 10 फरवरी 2025 को सुनीता पत्नी मेहर सिंह के साथ किया, जिसमें 35 लाख रुपये नकद लिए गए और रजिस्ट्री 9 मई तय हुई। दोनों सौदों की तय तिथियों पर सतीश मौजूद रहा, लेकिन इसी दौरान पता चला कि पहली सौदे वाली जमीन की रजिस्ट्री 17 अप्रैल 2025 को बरौली निवासी सरोज बाला के नाम कर दी गई, जो धारसुल खुर्द निवासी कविता की ओर से कराई गई थी। मामले की जांच सीआईए स्टाफ हांसी-1 को सौंप दी गई है।

लापरवाही

## फैक्ट्री मालिक को नियमों की अनदेखी करने पर नोटिस जारी

# बिना एनओसी फैक्ट्री पर प्रदूषण विभाग ने की सख्त कार्रवाई

समर न्यूज़ | फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद के सेक्टर चार में बिना एनओसी के संचालित एक फैक्ट्री पर प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने कार्रवाई की। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने मौके पर औचक निरीक्षण किया और फैक्ट्री मालिक मनोज कुमार को नियमों की अनदेखी करने पर नोटिस दिया। जांच में पाया गया कि फैक्ट्री में बिजली उपकरण बन रहे थे, लेकिन इसका संचालन किसी भी पर्यावरणीय अनुमति के बिना किया जा रहा था। अधिकारियों ने कहा कि यह अनियमितता क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने का कारण बन रही थी।


इस फैक्ट्री में बरती जा रही थी लापरवाही। - समर न्यूज़

फैक्ट्री मालिक के खिलाफ क्लोजर की कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण को लेकर किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की और आगामी कार्रवाई का रास्ता साफ किया। इस कार्रवाई से फरीदाबाद में प्रदूषण नियंत्रण के प्रति प्रशासन की सक्रियता और नियमों के पालन का संदेश गया है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस कदम की सराहना की है, जिससे शहर में प्रदूषण नियंत्रण में सुधार की उम्मीद बढ़ी है।

# शहीद नमांश को नम आंखों से दी विदाई

## पत्नी अफशां ने दी भावुक श्रद्धांजलि, पूरे सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

राहुल चावला। कांगड़ा
समर न्यूज़

दुबई एयर शो में हुए तेजस फाइटर जेट हादसे में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल को रविवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। भारत के इस वीर पायलट को विदा करने के लिए सैकड़ों लोग उमड़े, जिन्होंने शोक के बीच देशभक्ति और गर्व का भाव साझा किया।

पत्नी का साहसिक सैल्यूट

अंतिम संस्कार के दौरान सबसे भावुक क्षण वह था जब नमांश स्याल की पत्नी, विंग कमांडर अफशां स्याल ने अपने पति को अंतिम सैल्यूट दिया।

आंखों में आंसू और चेहरे पर दृढ़ता के साथ उन्होंने पति की शहादत को सलामी दी। यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर गया।

वायु सेना ने दी श्रद्धांजलि


विंग कमांडर के अंतिम संस्कार में मौजूद लोग। -समर न्यूज़

भारतीय वायु सेना ने नमांश स्याल की असाधारण सेवा और समर्पण को सलाम किया। एयर फोर्स के आधिकारिक बयान में कहा गया कि विंग कमांडर स्याल ने अटूट जज्बे, पेशेवर कौशल और कर्तव्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा की। वायु सेना ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वीरता और मूल्य हमेशा स्मरणीय रहेंगे।

गांव में उमड़ा जनसैलाब

नमांश स्याल के अंतिम संस्कार में गांव और आसपास के इलाकों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। हर किसी की जुबान पर एक ही बात थी। देश ने एक सच्चा हीरो खो दिया। विंग कमांडर स्याल अब अपनी पत्नी अफशां और पांच साल की बेटी को पीछे छोड़ गए हैं, जिन पर अब पूरे देश की नज़र गर्व और सम्मान से टिकी है।

## धर्म और मानवता की रक्षा के प्रतीक हैं गुरु तेग बहादुरः सुक्खू

समर न्यूज़ | शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू आनंदपुर साहिब में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने आस्था, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने केवल सिख धर्म के लिए ही नहीं, बल्कि सभी धर्म और हर पंथ के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। गुरु जी की शिक्षाएं हमें आपसी सम्मान, भाईचारे और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। गुरु जी का जीवन 'विविधता में एकता' और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला प्रकाश स्तंभ है। आज जब समाज में शांति, सद्भाव और सामाजिक न्याय की सबसे ज्यादा जरूरत है।

# प्रदेश में अप्रैल से अब तक 54 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त

समर न्यूज़ | शिमला

प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने अप्रैल से अब तक उल्लेखनीय कार्रवाई करते हुए कुल 54,945 लीटर अवैध शराब और लाहन जब्त किया है। विभाग ने इस अवधि में 523 मामले दर्ज किए हैं और राज्यभर में विशेष टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

अब तक 21,637.166 लीटर अवैध शराब और 33,308.900 लीटर लाहन राज्य के विभिन्न हिस्सों से बरामद किया गया है। अकेले अक्तूबर माह में विभाग की कार्रवाई तेज रही। दक्षिण क्षेत्र शिमला में 309.340 लीटर अवैध शराब और 12 लीटर लाहन, मध्य क्षेत्र मंडी में 2678.225 लीटर अवैध शराब तथा 14 लीटर लाहन और उत्तरी क्षेत्र पालमपुर में 529.150 लीटर शराब एवं 4870 लीटर लाहन जब्त किया गया। पुलिस जिलों में भी अवैध शराब विरोधी अभियान में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अक्तूबर में बद्दी में 286.09 लीटर, कुल्लू में 2090.625 लीटर, मंडी में 528.350 लीटर तथा ऊना में 286.045 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। सरकार ने जिला प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी अवधि में पुलिस जिला नूरपुर के डमटाल क्षेत्र के मिलवान, ठाकुरद्वारा, बरोटा, बेला लुडाचा और उलेहरियां में भी छापेमार कार्रवाई की गई, जहां विभागीय टीमों ने भारी मात्रा में अवैध शराब व कई सक्रिय भट्टियां पकड़कर नियमानुसार कार्रवाई के बाद मौके पर ही नष्ट कर दीं।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सूक्खू के निर्देशों के अनुरूप अवैध शराब तस्करी पर लगाम कसने के लिए विभाग ने राज्य स्तर पर व्यापक रणनीति बनाई है। इसी के तहत 35 विशेष टीमें गठित की गई हैं। कुल्लू और चंबा में 4-4 टीमें, शिमला, सोलन, बिलासपुर, मंडी, ऊना व नूरपुर पुलिस जिला में 3-3 टीमें, कांगड़ा, सिरमौर, हमीरपुर व बीबीएन में 2-2 टीमें तथा किन्नौर में 1 टीम तैनात की गई है। ये टीमें पूरे प्रदेश में सघन अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में जुटी हैं।

आबकारी आयुक्त यूनुस ने बताया कि राज्य सरकार अवैध शराब कारोबार पर सख्त नजर रखते हुए निरंतर कार्रवाई कर रही है, ताकि राजस्व को किसी प्रकार की क्षति न हो। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अवैध शराब से संबंधित किसी भी सूचना को विभाग के टोल फ्री नंबर 0177-2620426 या व्हाट्सऐप नंबर 94183-31426 नंबरों पर साझा करें, ताकि अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जा सके।

# जल तरंग जोश महोत्सव में 2 मिनट में नशा पकड़ने वाली किट के जरिए लोगों को जागरूक किया

सुभाष । बिलासपूर
समर न्यूज़

बिलासपुर में आयोजित जल तरंग जोश महोत्सव इन दिनों रोमांच और जागरूकता का अनोखा संगम बना हुआ है। जहां एक ओर लोग वॉटर स्पोर्ट्स, पैराग्लाइडिंग और अन्य साहसिक गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिला पुलिस इस मंच का प्रभावी उपयोग नशे के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाने में कर रही है।



मनोरंजन और नशा जागरूकता का अभियान। -समर न्यूज़

महोत्सव स्थल पर पुलिस विभाग की ओर से एक विशेष काउंटर स्थापित किया गया है, जहां युवाओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों को चिट्टा, सिंथेटिक ड्रग्स और अन्य नशे के खतरनाक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

इस काउंटर का मुख्य आकर्षण नई यूरिन ड्रग टेस्टिंग किट है, जो महज 1 से 2 मिनट में नशे का पता लगाने की क्षमता रखती है।

पुलिस कर्मियों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि लोग समझ सकें कि आधुनिक तकनीक किस तरह नशे के कारोबार पर रोक लगाने में मददगार साबित हो रही है। यह किट तुरंत परिणाम देने के कारण जांच प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाती है।

पुलिस कर्मी लगातार युवाओं को जागरूक कर रहे हैं कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का भविष्य अंधकार में धकेल देता है। महोत्सव में आने वाले युवाओं को खेलकूद, संगीत, कला और अन्य सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे नशे की गिरफ्त में आने से बच सकें। राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस तकनीक का उपयोग कर नशे के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत बना रही है।

ऐसे कार्यक्रमों में जागरूकता फैलाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोग नशे के दुष्परिणामों को बेहतर तरीके से समझते हैं।

जिला पुलिस का मानना है कि मनोरंजन और जागरूकता का यह संयोजन नशा मुक्त समाज की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होगा।

# चिंतपूर्णी में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़

सप्ताहांत पर चिंतपूर्णी धाम एक बार फिर श्रद्धा और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। रविवार को मां चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाजारों में भक्तों की चहल-पहल बनी रही और दिनभर लगातार भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि देर शाम तक 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मां के पवित्र दर्शन कर लेंगे। सुबह से ही भक्त निर्धारित नियमों और व्यवस्थाओं के तहत मां की पवित्र पिंडी के दर्शन के लिए कतारों में लगे दिखे। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतज़ाम किए थे।



चिंतपूर्णी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़। - समर न्यूज़

पुराने बस स्टैंड के पास बने वेरी गेट सहित गेट नंबर 1, 2 और 3 पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध किए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में होमगार्ड के जवान और एक्स सर्विसमैन तैनात रहे। उन्होंने भक्तों को अनुशासन बनाए रखने, कतार में चलने और निर्देशों का पालन करने की अपील की, जिससे भीड़ के बावजूद दर्शन प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रही। श्रद्धालुओं, विशेषकर दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए मंदिर न्यास द्वारा चलाई जा रही सुगम दर्शन प्रणाली रविवार को बेहद कारगर साबित हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस सुविधा का लाभ लिया और लिफ्ट मार्ग से बिना भीड़भाड़ के मां के सुगम दर्शन किए। यह व्यवस्था बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरी है। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या अन्य दिनों की तुलना में काफी अधिक रहती है। ऐसे में प्रशासन हर वीकेंड विशेष तैयारियां करता है।

उन्होंने बताया कि दर्शन प्रक्रिया को सुचारू रखने, भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं।मड़ियाल ने कहा कि भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए आगामी दिनों में भी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक श्रद्धालु बिना परेशानी और सुरक्षित वातावरण में मां के दर्शन कर सके।

### आपदा के बाद पर्यटन सीजन को संजीवनी

# डलहौजी में होटल कारोबारियों को विशेष छूट देने के निर्देश

मंज़ूर पठान। चंबा
समर न्यूज़

पर्यटन सीजन की बहाली के साथ ही चंबा जिला की पर्यटन नगरी डलहौजी और खजियार में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग ने अहम कदम उठाए हैं। विभाग का कहना है कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए होटल संचालकों को विशेष छूट और आकर्षक ऑफर उपलब्ध करवाने चाहिए, ताकि पहले की तरह पर्यटकों की वापसी हो सके।

पर्यटन विभाग का मानना है कि अगर होटल उद्योग पर्यटकों के लिए रियायती पैकेज और ऑफर पेश करेगा, तो स्वाभाविक रूप से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इससे न केवल पर्यटन कारोबार फिर से पटरी पर लौटेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसाय और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि आपदा के बाद पर्यटन सीजन



शुरू हो चुका है और हम चाहते हैं कि पर्यटक बिना किसी झिझक के डलहौजी तथा खजियार की ओर रुख करें। इसी उद्देश्य से होटल कारोबारियों से कहा गया है कि वे आकर्षक छूट और ऑफर उपलब्ध कराएं। डलहौजी और खजियार, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाने जाते हैं, फिर से सैलानियों से गुलजार हो सकेंगे।

विभाग का कहना है कि यह कदम पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा भरने का काम करेगा और घाटे से जूझ रहे होटल कारोबारियों के लिए राहत भरा साबित होगा।इसी के साथ पर्यटन विभाग क्रिसमस और नए साल के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी में भी जुट गया है।

# विकास के लिए शहरी चुनौती योजना के तहत 999 करोड़ की मांग

## प्रस्तावित परियोजनाओं में शहर के प्रमुख घाटों का तटीकरण, धार्मिक स्थलों के आसपास सौंदर्यीकरण किया जाएगा

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध मंडी शहर के व्यापक विकास को लेकर नगर निगम ने केंद्र सरकार के समक्ष 999 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव केंद्र सरकार की नई शहरी चुनौती योजना के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसे छोटे और मध्यम श्रेणी के शहरों को विकसित करने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू किया गया है। नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि उन्होंने इस योजना के लिए तैयार की गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राज्य मंत्री



नगर निगम मंडी।

पोखन साहू और सांसद कंगना रनौत को सौंप दिया है। मेयर के अनुसार, यदि केंद्र सरकार मंडी के लिए मांगे गए 999 करोड़ रुपये की मंजूरी देती है, तो शहर का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। प्रस्तावित परियोजनाओं में शहर के प्रमुख घाटों का तटीकरण, धार्मिक स्थलों के आसपास सौंदर्यीकरण, शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ओवरहेड और अंडर-पाथ पुलों का निर्माण, आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग, सुरक्षित पैदल मार्ग और पर्यटन सुविधाओं का विस्तार शामिल है। उनका कहना है कि यह योजना मंडी को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। मंडी शहर धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां ब्यास नदी और सुकेती खड्ड शहर के बीचोंबीच बहती हैं। कई छोटे-छोटे नाले भी शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हैं। ऐसे में तटीकरण और घाटों का निर्माण न सिर्फ शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए जरूरी है, बल्कि यह लोगों के घरों और बाजारों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। नगर निगम का मानना है कि तटीकरण से बाढ़ जैसी संभावित चुनौतियों से भी बचाव संभव हो सकेगा। मेयर भट्ट ने यह भी बताया कि छोटी काशी में आने वाले धार्मिक पर्यटकों की संख्या हर साल बढ़ रही है। यदि शहर का सौंदर्यीकरण और विकास इस योजना के तहत होता है, तो न सिर्फ लोगों की संख्या बढ़ेगी बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द मंडी को इस योजना में शामिल करने की मांग की है, ताकि शहर के कायाकल्प का रास्ता साफ हो सके।

# राजभवन के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन पर बवाल, भाजपा ने लगाया संविधान मर्यादा भंग करने का आरोप

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में राजभवन के बाहर कांग्रेस नेताओं के किए गए प्रदर्शन से राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस प्रदर्शन को पूरी तरह अवैध और संवैधानिक परंपराओं के विपरीत बताया।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का उद्देश्य राज्यपाल पर दबाव बनाना और प्रशासनिक निर्णयों को प्रभावित करना है, जो लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरनाक है। यह व्यवहार न केवल राज्यपाल की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि पंचायती राज चुनावों से जुड़े


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

मुद्दों पर सरकार और राज्य चुनाव आयोग के बीच बढ़ता विवाद प्रदेश में संवैधानिक संकट गहरा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्यपाल को स्थिति से अवगत कराते हुए चिंता व्यक्त करना इस बात का संकेत है कि सरकार संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास कर रही है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि सरकार प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव डालकर पंचायत प्रतिनिधियों जैसे प्रधान, बीडीसी सदस्य, वार्ड पंच, जिला परिषद सदस्य और नगर निकाय प्रतिनिधियों के लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि यह संविधान की भावना के खिलाफ है और सत्ता के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। प्रधानमंत्री के पुतले को जलाने की घटना पर भी उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी और इसे अमर्यादित राजनीतिक आचरण बताया। भाजपा ने मांग की है कि सरकार ऐसे प्रदर्शनों पर तुरंत रोक लगाए और राज्य में कानून-व्यवस्था के साथ संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाए।

# हिमाचल कांग्रेस को मिला स्थायी अध्यक्ष, विनय कुमार की ताजपोशी के साथ थमा सालभर का सियासी इंतज़ार

समर न्यूज़ | शिमला

लगभग एक साल तक चली चर्चाओं और मंथन के बाद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने आखिरकार अपने नए स्थाई अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगा दी है। विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे विनय कुमार अब हिमाचल कांग्रेस की कमान संभालेंगे। पार्टी हाईकमान द्वारा आधिकारिक घोषणा होते ही संगठन में लंबे समय से चल रही अनिश्चितता समाप्त हो गई है। विनय कुमार ने कुछ दिन पहले ही विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा सौंप दिया था, जिसे मंजूर भी कर लिया गया था।

इसी कदम के बाद साफ संकेत मिल गए थे कि पार्टी जल्द ही उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप सकती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी पहले ही दलित वर्ग से अध्यक्ष बनाने की वकालत कर चुके


अध्यक्ष विनय कुमार। -समर न्यूज़

थे, जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी विनय कुमार के नाम पर सहमत बताए जा रहे थे। सिरमौर जिले की रेणुका जी विधानसभा सीट से लगातार तीन बार विधायक चुने गए विनय कुमार का राजनीतिक सफर काफी स्थिर रहा है। उनके पिता डॉ. प्रेम सिंह भी इसी सीट से कई बार विधायक और सीपीएस रह चुके हैं। विनय कुमार ने वर्ष 2012 में पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा में प्रवेश किया था और वीरभद्र सिंह सरकार में सीपीएस बने थे। इसके बाद वह 2017 और 2022 में भी लगातार जीत दर्ज करते रहे। एक दौर ऐसा भी आया जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे। वहीं रजनी पाटिल के ठियोग दौरे के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर का नाम भी अंतिम सूची में शामिल माना गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने तो सार्वजनिक मंच से राठौर को अध्यक्ष पद की बधाई तक दे दी थी।

अब विनय कुमार के नए दायित्व संभालने के साथ ही विधानसभा उपाध्यक्ष का पद खाली हो गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के इस पद के लिए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, पालमपुर से आशीष बुटेल और कसौली के विधायक केडी सुल्तानपुरी के नाम संभावित दावेदारों में शामिल बताए जा रहे हैं।

### जयरामवाणी
### हिमाचल बोर्ड की पुस्तिका से शिक्षा मंत्री का संदेश गायब, आला नेताओं के संदेशों की भरमार

# शिक्षा का कांग्रेसीकरण करने के बजाय रोजगारोन्मुखी करे सरकार : ठाकुर

समर न्यूज़ | शिमला

शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार की मंशा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को पतन की तरफ ले जाने और उसके कांग्रेसीकरण करने की है। अगर मुख्यमंत्री और सुख की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कुछ कर सकती है तो वह शिक्षा का रोजगारोन्मुखी बनाएं तो बेहतर होगा।

शिक्षा का कांग्रेसीकरण हम नहीं करने देंगे। सत्ता में आने के बाद से 3 साल में ही लगभग 2000 शिक्षण संस्थानों पर ताला लगाने वाली सरकार के मुंह से शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की बात निकलनी चाहिए लेकिन जिम्मेदार लोग शिक्षा के कांग्रेसीकरण की बात करते हैं जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड प्रदेश के छात्रों के शैक्षणिक योग्यता को परखने का माध्यम हैं, हिमाचल के नेताओं के अपनी ब्रांडिंग और आलाकमान की चाटुकारिता करने का नहीं। दुर्भाग्यवश यह पुस्तिका भी राजकीय प्रिंटिंग प्रेस के अलावा अन्यत्र जगह से प्रकाशित है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बाल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा एक पुस्तिका प्रकाशित करवाई गई। उस पुस्तिका को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में लिखे जाने का दावा किया गया है। इस पुस्तक को देखकर लगता है कि साहित्यिक नैतिकता को ताक पर रख दिया है। महान विचारकों के कथन को क्रेडिट तक नहीं दिया है। अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी का नाम पूरी पुस्तक में नहीं है। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार पटेल का जिक्र भी नहीं है। जिनके बिना आधुनिक भारत का जिक्र भी बेमानी है। पुस्तिका या उसके चैप्टर के लेखक का नाम तक


पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। - समर न्यूज़

नहीं लिखा गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि 72 पेज की उस पुस्तिका में 40 पेज कांग्रेस के नेताओं की शुभकामना संदेश से भरे हुए हैं। उससे भी हैरानी की बात यह है कि इस पूरी पुस्तिका में प्रदेश के शिक्षा मंत्री का संदेश कहीं नजर नहीं आ रहा है। इस पुस्तिका में शिक्षा विभाग के सचिव, निदेशक आदि के भी बधाई संदेश को स्थान नहीं मिल पाया है लेकिन कांग्रेस के महासचिव, कांग्रेस आला कमान के खासम खास नेताओं के बधाई संदेश प्रमुखता से प्रकाशित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हिमाचल प्रदेश के पैसे से सरकार में बैठे कुछ लोग अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने की जुगत लगा रहे हैं? गनीमत यह है कि पुस्तिका में कांग्रेस ने चुनाव चिन्ह नहीं डाला।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के संसाधन जो की शिक्षा के बेहतरी के लिए खर्च होने चाहिए थे वह कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के प्रशंसा में खर्च हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के शिक्षकों को परीक्षा पुस्तिका के मूल्यांकन का पैसा भी 2 साल से नहीं मिला है, एग्जाम ड्यूटी का भत्ता भी 2 साल से ज्यादा समय से लंबित है। हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के संसाधन प्रदेश के शिक्षकों और छात्रों के बेहतरी के लिए खर्च होने चाहिए न कि कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी और सरकार और पार्टी नेताओं का करीबी साबित करने के लिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के कांग्रेसीकरण का जमकर विरोध करती है और आगे भी करेगी। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों से हम ऐसी आशा करते हैं कि वह नैतिकता का ध्यान रखें और शिक्षा व्यवस्था को अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा से अलग रखें। शिक्षा व्यवस्था के लिए अगर सरकार कुछ करना चाहती है तो वह केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति को अक्षरशः और प्रभावी तरीके से लागू करे। जिससे शिक्षा और ज्यादा रोजगारोन्मुख हो सके। अगर सरकार की मंशा ठीक है तो कौशल विकास के जिन कार्यक्रमों को सरकार ने दो साल से ठप रखा है।

# महिला बाल विकास मंत्री श्रुति ने भारत स्कूल सेक्टर-12ए के वार्षिक समारोह में की शिरकत

## ▪ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने आज सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में भारत स्कूल सेक्टर-12ए द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी। -समर न्यूज़

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी भी मौजूद रहे। अपने अनुभव साझा करते हुए मंत्री ने कहा कि बच्चों के बीच आकर उन्हें अपने स्कूल के दिन याद आ गए। उन्होंने बताया कि वे भी छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेती थीं। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि पहले 'ब्रिटिश स्कूल' के नाम से जाना जाने वाला यह संस्थान अब 'भारत स्कूल' के नाम से नई पहचान बना रहा है, जो छात्रों के लिए प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारत स्कूल छात्रों को ऐसा वातावरण प्रदान करता है, जहाँ वे न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी समृद्ध होते हैं। विद्यालय द्वारा बच्चों में मजबूत नैतिक मूल्यों का निर्माण कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान श्रुति चौधरी ने शैक्षणिक और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें अपने सपनों को पूरे समर्पण के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने कहा कि भारत स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और ट्राई-सिटी में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाता है और जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए सदैव आगे रहता है।

वार्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने समूह नृत्य, एकल नृत्य, वोकल और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीतिका सेठी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों, छात्रों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया। इस अवसर पर स्कूल की अध्यक्षा उर्मिला सेठी, निदेशक श्री संजय सेठी, प्रधानाचार्या गीतिका सेठी, उप-प्रधानाचार्या वंदना शर्मा और राखी अटरी भी उपस्थित रहीं।

# अवैध खनन पर पंचकूला पुलिस का बड़ा एक्शन, 4 टिप्पर और 1 जेसीबी जब्त

मुकुल शर्मा | समर न्यूज़
पंचकूला

माइनिंग माफिया पर नकेल कसने के लिए पंचकूला पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत केवल 24 घंटे के भीतर पुलिस ने अवैध खनन में शामिल चार टिप्पर और एक जेसीबी कब्जे में लिए हैं।

मढ़ावाला क्षेत्र में चौकी इंचार्ज भीम सिंह की टीम ने गश्त के दौरान गांव नानकपुर के पास दो टिप्पर पकड़े। इसके कुछ घंटे पहले मढ़ावाला के कोना गांव के पास भी एक टिप्पर अवैध खनन सामग्री के साथ पकड़ा गया था। बीते दिन पंचकूला पुलिस की एंटी-इलीगल माइनिंग टीम ने रायपुर रानी में एक जेसीबी और एक टिप्पर को भी कार्रवाई के दौरान जब्त किया था। सभी वाहनों में अवैध माइनिंग सामग्री भरी हुई मिली, जिनकी जानकारी आगे की प्रक्रिया के लिए माइनिंग विभाग को भेज दी गई है।




पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि अवैध माइनिंग को लेकर पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है। सभी जोन में टीमें लगातार चौबीसों घंटे दबिश दे रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कार्रवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पंजाब बीजेपी का स्टैंड साफ़ है चंडीगढ़ पंजाब का है और हमेशा रहेगा : हरदेव

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब बी.जे.पी. का स्टैंड साफ़ है कि चंडीगढ़ पंजाब का था, है और आगे भी रहेगा। दुनिया की कोई भी ताकत चंडीगढ़ को पंजाब से अलग नहीं कर सकती। यह रिएक्शन बी.जे.पी के स्टेट प्रेस सेक्रेटरी हरदेव सिंह उभा ने दिया, जिनमें चंडीगढ़ को पंजाब से अलग करने और यूं.टी बनाने के कयास लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पंजाब का एक अहम हिस्सा है और पंजाब बी.जे.पी पंजाब के हितों के साथ मज़बूती से खड़ी है, चाहे मुद्दा चंडीगढ़ का हो या पंजाब के पानी का। चंडीगढ़ को लेकर जो भी कन्फ्यूजन पैदा हुआ है, पार्टी की सीनियर लीडरशिप उसे जल्द ही केंद्र सरकार से बात करके दूर कर देगी। हरदेव सिंह उभा ने कहा, "एक पंजाबी और एक गुरसिख होने के नाते, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि पंजाब हमारे लिए सबसे पहले है और हम अपनी ज़िम्मेदारी पूरी




ईमानदारी से निभाएंगे।"

उन्होंने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ और पंजाब के पानी समेत ज़्यादातर ज़रूरी मुद्दे कांग्रेस पार्टी की ज़िम्मेदारी हैं। बी.जे.पी को छोड़कर, दूसरी राजनीतिक पार्टियों ने भी पंजाब के ज़रूरी मुद्दों को सुलझाने के बजाय सिर्फ़ अपनी राजनीति की है। हरदेव सिंह उभा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और बी.जे.पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. नड्डा जी से अपील की कि वे चंडीगढ़ को आधिकारिक तौर पर पंजाब की राजधानी घोषित करें।

## ▪ सरबत दा भला ट्रस्ट ने सिख सिगलीगर परिवारों को सौंपे 35 नए घर

# ट्रस्ट की प्राथमिकता है लोगों की समस्याओं का समय रहते समाधान : एस. पी. सिंह ओबरॉय


सिख सिगलीगर परिवारों को सौंपे 35 नए घर। -समर न्यूज़

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आज सिख सिगलीगर परिवारों के लिए बनाए गए 35 नए घरों की चाबियां सौंपी गईं। यह घर जुझार नगर में ट्रस्ट के सामाजिक उत्थान प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए हैं। समारोह का आयोजन ट्रस्ट की मोहाली यूनिट के जिला अध्यक्ष कवलजीत सिंह रूबी की अगुवाई में सरकारी प्राथमिक स्कूल, जुझार नगर में किया गया। कार्यक्रम में सरबत दा भला ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस. पी. सिंह ओबरॉय, आर.एस. आई. सेंटर मोहाली के डायरेक्टर डॉ. राज बहादुर सिंह, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज जस्टिस एम.एम.एस. बेदी और ट्रस्ट से जुड़े कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान गांव के निवासियों ने गर्मजोशी से अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. एस. पी. सिंह ओबरॉय ने बताया कि यह प्रोजेक्ट गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित "सनी ओबरॉय हाउसिंग स्कीम" के अंतर्गत शुरू किया गया है। इस स्कीम के तहत जुझार नगर में कुल 70 घर बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 35 परिवारों को आज नए घर सौंपे गए हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य सिगलीगर समुदाय जैसे वंचित वर्गों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। डॉ. ओबरॉय ने कहा कि ट्रस्ट की कोशिश लोगों की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान समय रहते करना है। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर घोषणा की कि जुझार नगर में एक आधुनिक लैब खोली जाएगी, जहां ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण और अन्य जांचें मामूली शुल्क पर की जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। डॉ. ओबरॉय ने बताया कि सरबत दा भला ट्रस्ट अब तक 1450 जरूरतमंद परिवारों को घर उपलब्ध करा चुका है। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 की बाढ़ के दौरान ट्रस्ट ने विशेष राहत कार्य चलाया था। किसानों और ग्रामीणों को कठिन परिस्थितियों में मदद पहुंचाते हुए ट्रस्ट ने 1500 टन पशु चारा प्रभावित इलाकों में भेजा था। उन्होंने आगे कहा कि समाज में बेटियों के विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी ट्रस्ट की सक्रिय भूमिका रही है। ट्रस्ट की ओर से 350 बेटियों के विवाह करवाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक बेटी के विवाह के लिए ट्रस्ट एक लाख रुपये मूल्य का आवश्यक गृहस्थी सामान प्रदान करेगा। अब तक 12 बेटियों की शादियां करवाई जा चुकी हैं, जबकि इस माह 23 और शादियां आयोजित की जाएंगी। सम्मान और उपस्थिति कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से डॉ. एस. पी. सिंह ओबरॉय, डॉ. राज बहादुर सिंह और गुरजीत सिंह ओबरॉय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी प्रोफेसर तेजिंदर सिंह बराड़, प्रेस सेक्रेटरी परदीप सिंह हैप्पी, बलजीत सिंह कैलो, शरणजीत सिंह बैंस, बाबा कश्मीरा सिंह, सोहन सिंह, प्रताप सिंह, पंचायत सदस्य राजकुमारी, दर्शन-मंदिर कमेटी, संदीप कुमार और जसकरण सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सामाजिक एकता और सेवा भावना की वातावरण देखने को मिला। ग्रामवासियों ने ट्रस्ट के प्रति आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही कार्य जारी रखने की उम्मीद जताई।

# साइबर ठगी का आरोपी अहमदाबाद से काबू खाते में 10 लाख मिले, 4 दिन के रिमांड पर

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

जुलाई 2024 में हुई बड़ी साइबर ठगी के मामले में पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने गुजरात में दबिश देकर ग्यारहवें आरोपी नवीन भाई पुत्र सेवांतिलाल, निवासी अहमदाबाद को 22 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान आरोपी के बैंक खाते में ठगी की 10 लाख रुपये की राशि पाई गई। आज उसे कोर्ट में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिसके दौरान उससे गहन पूछताछ जारी है।

शिकायतकर्ता, जो पंचकूला का रहने वाला है, ने 31 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी। उसके अनुसार 5 जुलाई को फेसबुक पर शेयर मार्केट से जुड़ा एक विज्ञापन देखकर उसने उसे लाइक किया। कुछ समय बाद उसे व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेजा गया और शेयर बाजार


आरोपी नवीन।

में निवेश कर बड़ा मुनाफ़ा दिलाने का लालच दिया गया। इसी झांसे में आकर उसने भारी भरकम रकम निवेश कर दी और कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी का शिकार हो गया। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए IPC की धारा 316(2), 318(4), 336(3), 338, 340 व 61 के तहत केस दर्ज कर सब-इंस्पेक्टर भूप सिंह को जांच सौंपी गई। आरोपी की लोकेशन का पता लगाकर टीम ने अहमदाबाद में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया।

10 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके

पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से पहले दो आरोपियों कृष्ण कुमार और सुभाष को 16 दिसंबर को सिरसा से पकड़ा गया था। इसके बाद जुलाई 2025 में तीसरा आरोपी संजय उर्फ बॉक्सर के पकड़े जाने पर अन्य आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। लगातार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तेजेंद्र पाल सिंह, हरजीत सिंह, परविंदर, हैरी, चेतन, अरविंद भानुशाली और किशन सहित कुल 10 आरोपियों को अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि केस से जुड़े अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्त में ले लिया जाएगा।

# श्रद्धालुओं की ओर से हुआ 36 यूनिट्स रक्त एकत्र

प्रदीप सिंह हैप्पी | समर न्यूज़
मोहाली




विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव स्वामी विश्वास के आशीर्वाद से माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला के सहयोग से माता मनसा देवी परिसर में रक्तदान शिविर लगाया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर में सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला टीम ने डॉक्टर अमित सम्मी की देखरेख में 36 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

## 19 दिसंबर से पंचकूला में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पोस्टर किया जारी

# आने वाला समय स्वदेशी उत्पादों का होगा : सीएम सैनी

समन न्यूज़ | पंचकूला

इस दिसंबर स्वदेशी संस्कृति और परंपराओं के रंग में रंगने जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 'स्वदेशी मेला 2025' का पोस्टर रविवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक प्रेम गोयल और स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर क्षेत्र संयोजक डॉ. राजेश गोयल ने जारी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, पूर्व विधानसभा


स्वदेशी मेलऽ का मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पोस्टर किया जारी। -समर न्यूज़

अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, मेला संयोजक रजनीश गर्ग और जिला संयोजक अरुण गर्ग मौजूद थे।

स्वदेशी मेला 19 से 28 दिसंबर तक शालीमार ग्राउंड (दशहरा मैदान) में आयोजित किया जाएगा। पोस्टर जारी करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन पूरे देश में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है और आने वाला समय स्वदेशी उत्पादों को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादन और रोजगार को बढ़ावा देना आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे प्रेम गोयल ने भी स्वदेशी आंदोलन को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। वहीं, डॉ. राजेश गोयल ने कहा कि यह मेला केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, परंपरा और राष्ट्रभावना को जोड़ने वाला विशाल सामाजिक उत्सव है।

# मोहाली में हाईवे उद्घाटन पर किसानों का हंगामा

समर न्यूज़ | मोहाली

विमोहाली में भारतमाला परियोजना के तहत आईटी सिटी से कुराली तक बनाई गई हाईवे परियोजना का उद्घाटन विवादों में घिर गया है। एनएचएआई 1 दिसंबर को सड़क का लोकार्पण करने की तैयारी की जा रही है, मगर किसान संगठन इस कार्यक्रम को रोकने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) के वरिष्ठ नेता रणबीर सिंह ग्रेवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर कार्रवाई नहीं होती, वे उद्घाटन समारोह का जोरदार विरोध करेंगे। उनका आरोप है कि सर्विस रोडों पर एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई। लाइटें सिर्फ बड़े क्रॉसिंग और मुख्य पुलों पर ही लगाई गई हैं, जबकि गांवों की लिंक रोडों, छोटी सर्विस रोडों और छोटे पुलों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। किसान संगठनों ने पहले ही डीसी मोहाली और एनएचएआई को मांग-पत्र देकर स्पष्ट कर दिया था कि बिना स्ट्रीट लाइटों के ये क्षेत्र रात के समय असामाजिक गतिविधियों, लूटपाट और नशे के अड्डों में बदल सकते हैं। साथ ही, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सड़क किनारे पर्याप्त संख्या में पेड़ लगाने की भी मांग उठाई है।

किसानों का कहना है कि जब तक दोनों मांगें पूरी नहीं होंगी, वे हाईवे की ओपनिंग नहीं होने देंगे।

## चंडीगढ़ में फरवरी तक चलेंगी 100 नई इलेक्ट्रिक बसें

# प्रदूषण होगा कम और यात्रा होगी अधिक सुविधाजनक

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

शहर की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए चंडीगढ़ प्रशासन फरवरी तक 100 नई इलेक्ट्रिक बसों को सड़क पर उतारने जा रहा है। इन बसों के आने से न केवल सार्वजनिक परिवहन मजबूत होगा बल्कि प्रदूषण में कमी और यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि शहर की आवाजाही को सुगम, सुरक्षित और कुशल बनाया जा सके। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 15 साल की सेवा पूरी कर चुकी 85 डीज़ल बसों को ट्राइसिटी की सड़कों से हटाया गया है। अब ई-बसेस



नई इलेक्ट्रिक बसें। -समर न्यूज़

की पहली खेप में 25 बसें इसी माह के अंत तक आने की उम्मीद है। यह सभी 100 इलेक्ट्रिक बसें प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत खरीदी जा रही हैं। फिलहाल प्रोटोटाइप बस का निरीक्षण और रेंज टेस्ट चल रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार 25 बसें नवंबर 2025 के अंत तक, 25 बसें दिसंबर 2025 तक और बाकी 50 बसें जनवरी–फरवरी 2026 के बीच मिल जाएंगी।

पिछले डेढ़ साल से खरीद प्रक्रिया कानूनी दिक्कतों में अटकी हुई थी, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद यह प्रक्रिया तेज हुई है। प्रशासन के अनुसार यात्री सेवाओं में कोई बाधा न आए, इसके लिए सीटीयू ने फिलहाल अस्थायी प्रबंध कर लिए हैं।

**▪ तीन साल में आएंगी कुल 328 इलेक्ट्रिक बसें...** *ट्रांसपोर्ट विभाग के निदेशक प्रद्युमन सिंह ने बताया कि अगले तीन वर्षों में शहर में कुल 328 ई-बसेस शामिल की जाएंगी। इससे चंडीगढ़ को कार्बन-मुक्त और अधिक सुचारू परिवहन प्रणाली वाले शहर के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुराने डीज़ल बसों को हटाने के बावजूद शहर में किसी तरह की बड़ी समस्या नहीं आई है। जैसे-जैसे नई बसें शामिल होती जाएंगी, लोकल रूटों पर बसों की संख्या और आवृत्ति दोनों बढ़ जाएंगी।*

# बुजुर्गों का घुटनों का दर्द और इलाज का खर्चा होगा कम

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली ने अमेरिका के प्रख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. हरबिंदर सिंह चड्ढा की मेजबानी की। डॉ. चड्ढा, जिन्हें जॉइंट रिप्लेसमेंट व एडल्ट रिकंस्ट्रक्शन में दो दशक से अधिक का अनुभव है, कैलिफ़ोर्निया स्थित शार्प चुला विस्टा हॉस्पिटल में चीफ़ ऑफ़ सर्जरी के रूप में कार्यरत हैं। इस अवसर पर उन्होंने ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों के साथ आधुनिक घुटना प्रत्यारोपण तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. चड्ढा ने टोटल नी रिप्लेसमेंट में हो रहे नवीनतम विकासों, जैसे प्रिसिशन-गाइडेड तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाले इम्प्लांट, के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्नत इम्प्लांट सामग्री गंभीर घुटना गठिया से पीड़ित मरीजों के लिए लंबे समय तक टिकाऊ और बेहतर परिणाम




प्रदान करती है। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र भारत में दुरैनियम-गोल्ड नी इम्प्लांट तकनीक का परिचय रहा। TiNbN (टाइटेनियम-नाइट्राइड-नायोबियम) कोटिंग वाली यह नई पीढ़ी की इम्प्लांट तकनीक घिसावट को कम करती है, टिकाऊपन बढ़ाती है और जोड़ की स्मूथ मूवमेंट में मदद करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कोटिंग से बायोकम्पैटिबिलिटी और करप्शन रेज़िस्टेंस भी बेहतर मिलता है, जिससे लम्बे समय में अच्छे परिणाम की उम्मीद रहती है। शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली में ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श से जॉइंट रिप्लेसमेंट विज्ञान और मजबूत होता है।

# टीवी मेरे लिए दर्शकों से जुड़ने वाला एक पुल है : सिद्धू



**मुंबई**। टीवी हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। छोटे पर्दे ने न सिर्फ हमें मनोरंजन दिया है, बल्कि हमारी सोच, हमारी भावनाओं और हमारे रिश्तों को समझने का तरीका भी बदल दिया है। वर्ल्ड टेलीविजन डे पर आईएएनएस से बात करते हुए टीवी एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे यह माध्यम उनके जीवन और करियर दोनों में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह उन्हें सीखने, बढ़ने और दर्शकों के साथ गहरे भावनात्मक रूप से जुड़ने का जरिया भी देता है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अमनदीप ने कहा कि टीवी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा, ''टीवी सिर्फ करियर बनाने का जरिया नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसने मुझे अपनी आवाज और मकसद खोजने में मदद की है। इसके जरिए मैं लोगों के साथ जुड़ पाती हूं और अपनी कहानियों के माध्यम से भावनाओं और अनुभवों को साझा कर सकती हूं। टीवी मेरे लिए दर्शकों से जुड़ने वाला एक पुल है, जहां कहानी और भावनाएं सीधे लोगों तक पहुंचती हैं।''

उन्होंने आगे कहा, ''टीवी पर काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा अनुभव है। एक्टिंग हमेशा से मेरा शौक रहा है और हर दिन नए किरदार में ढलना मुझे अंदर से बेहद खुशी देता है। हर प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नए सफर जैसा होता है, जो मेरे जीवन, संघर्ष और खुद को समझने का मौका देता है। टीवी ने सिखाया कि कैसे कठिनाइयों का सामना किया जाता है और जीवन के हर अनुभव से सीख ली जाती है।''अमनदीप ने 'नागिन 6' के अनुभव को साझा करते हुए कहा, ''टीवी पर काम करने का सबसे खास हिस्सा है रोजाना का रूटीन और दर्शकों के साथ जुड़ाव। जब मैं किसी डेली सोप में काम करती हूं, तो मेरा किरदार समय के साथ विकसित होता है और मुझे व्यक्तिगत रूप से भी सीखने का मौका मिलता है। दर्शकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया मुझे खुशी देती है और यह अनुभव दर्शकों के बीच एक खास रिश्ता बनाता है।''

उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि टीवी का दौर अब बहुत बदल चुका है। पहले जहां कहानियां और किरदार सीमित और साधारण होते थे, अब टीवी में अधिक विविधता और गहरी कहानियां देखने को मिलती हैं। आज के टीवी शो में जटिल और वास्तविक किरदार दिखाए जा रहे हैं, जो समाज और जीवन की असली तस्वीर पेश करते हैं।''

# रुपाली सूरी ने अपने नए फ़ोटोशूट से स्क्रीन पर मचाई सनसनी



**मुंबई**। रुपाली सूरी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह इंडस्ट्री के सबसे आकर्षक चेहरों में क्यों गिनी जाती हैं। उनका नया फ़ोटोशूट इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है - सिर्फ इसलिए नहीं कि वह ग्लैमरस दिख रही हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वह हर फ्रेम में एक ऐसी ऊर्जा, आत्मविश्वास और आभा लेकर आती हैं जो बिल्कुल बिजली-सी महसूस होती है।

जैसे ही तस्वीरें सामने आईं, फैन्स ठहरकर देखने पर मजबूर हो गए। इन फ्रेम्स में रुपाली का जादू कुछ और ही है - जिस तरह वह खुद को कैरी करती हैं, उनकी आँखों की सूक्ष्म गहराई, और हर पोज़ में उनकी सहज एलीगेंस। यह सिर्फ एक फ़ोटोशूट नहीं है; यह एक ऐसी महिला को देखने का अनुभव है, जो अपनी शक्ति को पूरी तरह जीती है।

जो बात सबसे ज्यादा उभरकर सामने आती है, वह है हर शॉट में उनकी भावनात्मक गहराई। ग्लैमर के पीछे एक कहानी है - आत्मविश्वास की, अनुशासन की, और उस शांत ताकत की जो एक ऐसी महिला में होती है जो खुद को पूरी तरह जानती है। हर लुक उनकी यात्रा का एक हिस्सा बयान करता है - वह दृढ़ता जो उन्होंने बनाई है, वह गरिमा जो वह साथ लेकर चलती हैं, और वह जुनून जो उन्हें आगे बढ़ाता रहता है।

रुपाली का यह नया फ़ोटोशूट सिर्फ उनकी खूबसूरती को उजागर नहीं करता; यह उनकी आत्मा को भी चमकाता है। यह याद दिलाता है कि वह सिर्फ एक ग्लैमरस चेहरा नहीं हैं, बल्कि एक ऐसी शख़्सियत हैं जिनमें गहराई, हिम्मत और एक ऐसा करिश्मा है जो तस्वीर खत्म होने के बाद भी दिल पर छाप छोड़ जाता है।

एक ऐसी दुनिया में जहाँ तस्वीरें पल भर के लिए आती और चली जाती हैं, रुपाली सूरी ने कुछ ऐसे पल बनाए हैं जो अविस्मरणीय लगते हैं - ऐसे पल जो उनके भीतर की आग को महसूस करा देते हैं।

# इंग्लिश क्रिकेट के आइकॉनिक खिलाड़ी इयान बॉथम, ऑलराउंडर्स के 'गोल्डन पीरियड' के स्तंभ रहे



**नई दिल्ली**। क्रिकेट के इतिहास में हर दशक की अपनी कहानी और इतिहास है। 80 का दशक महान ऑलराउंडर्स के गोल्डन पीरियड के तौर पर याद किया जाता है। तब भारत के पास कपिल देव, पाकिस्तान के पास इमरान खान, न्यूजीलैंड के पास रिचर्ड हेडली और इंग्लैंड के पास थे- इयान बॉथम। 24 नवंबर 1955 में जन्में इयान बॉथम ने इंग्लैंड को एक ऐसी ऑलराउंडर विरासत दी है, जो आज भी बेन स्टोक्स के रूप में इंग्लिश क्रिकेट में जारी है। बॉथम दाएं हाथ के बल्लेबाज, तेज गेंदबाज और स्लिप में एक चुस्त फील्डर थे। वह दौर दिलेर हरफनमौला खिलाड़ियों के नाम था। जब बॉथम का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आगमन हुआ, तब न पिच से राहत मिलती थी, न गेंदबाजों की रफ्तार से और बल्लेबाज के सिर पर हेलमेट भी देखने को नहीं मिलते थे। उस दौर में बॉथम की विशुद्ध प्रतिभा ने इंग्लिश क्रिकेट को एक पहचान दी।

बॉथम का रंगीन और दिलेर व्यक्तित्व, क्रिकेट के हर फन में माहिर होना और खेलने का अनथक जुनून, ये सब खेल की परिधि को मानों पुनर्निर्धारित कर रहे थे। बॉथम दुनिया के सबसे तेजी से 100 विकेट और 1000 रनों का डबल पूरा करने वाले खिलाड़ी थे। यहां तक कि उनके 383 टेस्ट विकेटों का रिकॉर्ड भी लंबे समय तक नहीं टूट पाया।

बॉथम ने बल्ले से भी 102 टेस्ट मैचों में 5,200 रन बनाए थे। तब उनका स्ट्राइक रेट करीब 61 का था, जो काफी तेज था। बॉथम की छाप इंग्लैंड क्रिकेट पर कुछ इस तरह से रही कि 1981 में क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी में से एक एशेज का नाम बॉथम एशेज कहा जाता है। क्रिकेट में ऐसे उदाहरण विरले हैं। उस सीरीज में बॉथम से ज्यादा रन केवल एलन बॉर्डर ने बनाए थे, लेकिन बॉर्डर का स्ट्राइक रेट जहां 37 का था, वहीं बॉथम ने 93 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की थी।

ऐसे ही गेंदबाजी में भी उन्होंने 34 विकेट लिए थे और उनका औसत उन गेंदबाजों में सबसे बेहतर था, जिन्होंने सीरीज में 25 से ज्यादा विकेट लिए थे। ये किसी भी सीरीज में किसी भी ऑलराउंडर का किया गया चरम प्रदर्शन था। इस सीरीज को इंग्लैंड ने 3-1 से जीता था।

अगर इंग्लिश क्रिकेट के बड़े हरफनमौला खिलाड़ियों पर नजर डालें तो सबका एक अंदाज रहा और हर स्टाइल का बेंचमार्क इयान बॉथम के रूप में स्थापित रहा। एंड्रयू फ्लिंटॉफ जब अपने करियर में पीक पर थे, तब-तब उनकी तुलना बॉथम से होती रही। बेन स्टोक्स में भी वही बात है।

इन तीनों ही खिलाड़ियों की इमेज लार्जर दैन लाइफ और बहुत खास खिलाड़ियों की रही है। तीनों ही खिलाड़ियों में बहुत समानता भी थी। इन सभी के करियर का अंतिम पड़ाव चोटों से प्रभावित रहा।

बॉथम ने जब डेनिस लिली के रिकॉर्ड को तोड़ा, तब तक वे फिटनेस से जूझते हुए अपने करियर की संध्या पर पहुंच चुके थे। आखिरकार उन्होंने एक प्रोलिफिक ऑलराउंडर के तौर पर करियर का समापन किया। वे एक पूर्ण एथलीट थे।

# गुवाहाटी टेस्ट में अच्छी विकेट है, मैच अच्छा होगाः सौरव



**कोलकाता**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि गुवाहाटी में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा दूसरा टेस्ट मैच अच्छा होगा। मीडिया से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी की विकेट अच्छी है। इसलिए मैच अच्छा होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का पहला टेस्ट कोलकाता में खेला गया था।


कोलकाता टेस्ट पिच को लेकर चर्चा में रहा। स्पिनरों के अनुकूल इस विकेट पर मैच का परिणाम तीसरे दिन आ गया था। भारतीय टीम को 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था। 124 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 93 रन पर सिमट गई थी।

मैच के बाद गांगुली ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को सुझाव दिया था। उन्होंने कहा था कि हमें ऐसी पिच पर खेलना चाहिए जहां बल्लेबाजों के पास रन बनाने का पूरा अवसर हो साथ ही गेंदबाजों के पास विकेट लेने का मौका हो। ऐसी स्थिति में ही आदर्श टेस्ट हो सकता है। गेंदबाज या बल्लेबाज के फेवर की विकेट नहीं होनी चाहिए। साथ ही गांगुली ने भारतीय टेस्ट टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शामिल करने की सलाह भी दी थी। उनका कहना था कि शमी, बुमराह, सिराज और स्पिनरों के साथ मिलकर गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत बना सकते हैं।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शनिवार को शुरू हुआ। पिच कोलकाता से बेहतर लग रही है। दिन की शुरुआत में पिच बल्लेबाजों की मददगार नजर आई, तो दूसरे हाफ में गेंदबाजों को विकेट भी मिला।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 247 रन बना लिए थे। सेनुरान मुथुसामी 25 और काएल वेरेने 1 रन पर नाबाद हैं। दक्षिण अफ्रीका एक समय 2 विकेट के नुकसान पर 165 रन बना चुकी थी, लेकिन 246 तक आते-आते टीम ने 6 विकेट खो दिए थे। पहले दिन का खेल इस बात का संकेत है कि पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों की मददगार है।

# लक्ष्य सेन ने रचा नया इतिहास, ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन का ताज भारत के नाम



**सिडनी**। सिडनी के बैडमिंटन कोर्ट पर रविवार की दोपहर भारतीय सपनों की रैकेट से निकली एक चमक ने दुनिया को चकाचौंध कर दिया।

लक्ष्य सेन, उत्तराखंड का यह युवा शटलर, जिसने अपनी मेहनत की डोर से भारतीय बैडमिंटन को नई ऊँचाइयों पर बाँधा है, ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर-500 का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया।

तनाका पर लक्षित 'लक्ष्य' फ़ाइनल में उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से था। लेकिन मैच की शुरुआत से ही लक्ष्य का अंदाज़ बता रहा था कि वह सिर्फ़ खेल नहीं रहे, बल्कि अपनी पहचान को एक नए मुक़ाम पर ले जाने आए हैं।

उन्होंने तनाका को 21-15, 21-11 से हराकर सिर्फ़ खिताब ही नहीं जीता, बल्कि यह साबित कर दिया कि भारतीय बैडमिंटन का भविष्य अटूट है। इस पूरी भिड़ंत को ख़त्म होने में सिर्फ़ 38 मिनट लगे—एक ऐसा फ़ाइनल जहाँ लक्ष्य का खेल उनके नाम की तरह ही 'लक्ष्यबद्ध' दिखा।

**गलतियों ने जापानी खिलाड़ी का साथ छोड़ा**

दुनिया के नंबर 26 खिलाड़ी तनाका शुरुआत में ही दबाव में आ गए। उनकी गलतियों ने लक्ष्य को शुरुआती 6-3 की बढ़त दी, और फिर पहला सेट 21-15 से भारत की झोली में आ गया।दूसरे सेट में तो मानो लक्ष्य का रैकेट हवा में लय बनाकर खेल रहा था। तनाका कहीं लड़खड़ाए, कहीं रुके, लेकिन लक्ष्य बेख़ौफ़ बढ़ते चले गए।

**लक्ष्यः एक सफ़र जो अभी शिखर पर पहुँचना बाकी है**

लक्ष्य सेन पहले भी बड़े मंचों पर अपनी चमक दिखा चुके हैं—वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक, और पिछले साल लखनऊ सुपर-300 का खिताब।

लेकिन ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर-500 जीतना—यह उनकी कहानी के अगले अध्याय की शुरुआत है।

पुरस्कार राशि और सम्मान

एएनआई के अनुसार, लक्ष्य सेन को इस जीत के साथ 4.75 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली है।

**लेकिन असली कमाई**?

देश के करोड़ों युवा खिलाड़ियों के दिलों में उठी वह उम्मीद - कि मेहनत और जुनून हो तो मंज़िलें अपने आप रास्ता बना लेती हैं।

# विधायक दलजीत ग्रेवाल के पिता बलबीर सिंह ग्रेवाल का हुआ अंतिम संस्कार, नम आंखों से दी विदाई

## • पिता की चिता को अग्नि देते हुए भावुक हुए विधायक दलजीत ग्रेवाल





अंतिम रस्म के दौरान मौजूद विधायक दलजीत ग्रेवाल, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पाराशर पप्पी और जनसमूह। -इकबाल हैप्पी




**दलजीत विक्की/ लक्की मेहता**
**लुधियाना | समर न्यूज**

हलका पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल के पिता सरदार बलबीर सिंह ग्रेवाल का शनिवार सुबह अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणों में लीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार रविवार को तीन नंबर स्थित कश्मीर नगर के गौशाला श्मशान घाट में किया गया। इस दौरान उनकी चिता को मुखाग्नि विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल, कुलविंदर सिंह ग्रेवाल, पोते रणजोध सिंह ग्रेवाल और लक्षदीप सिंह ग्रेवाल ने नम आंखों से दी।
विधायक दलजीत ग्रेवाल के पिता के आकस्मिक निधन की खबर से उनके शुभ चिंतकों में शोक की लहर थी। दिवंगत बलबीर सिंह की अंतिम यात्रा में शहर की धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक और उद्योग जगत की संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हाजिर हो विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल व परिवार के साथ शोक प्रकट कर अपनी संवेदना व्यक्त की।
उनकी अंतिम यात्रा में पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां, हल्का सेंट्रल विधायक अशोक पाराशर पप्पी, हल्का उतरी विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, पूर्व सांसद अमरीक सिंह अलीवाल, मेयर इंदरजीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, चेयरमैन जोरावर सिंह, साहनेवाल मार्किट कमेटी के चेयरमैन हेमराज राजी, व्यापार विंग सीनियर वाइस चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कर, जिला कांग्रेस शहरी के प्रधान व पूर्व विधायक संजय तलवाड़, पूर्व विधायक प्रेम मित्तल, जोन बी कमिश्नर नीरज जैन, एसीपी सुमित सूद, समाज सेवक चेतन बवेजा, पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा(लड्डू) पार्षद करण नान्चहल, पार्षद निधि गुप्ता, पार्षद अमरजीत सिंह, पार्षद पति लवली मनोचा,पार्षद अश्वनी शर्मा गोभी, पार्षद पिंकू शर्मा,पार्षद गौरवजीत सिंह, पार्षद सिमरनजीत सिंह सिम्मू, पार्षद पल्लवी विपिन विनायक, अमनदीप सिंह मोही, भाजपा नेता यशपाल चौधरी, पार्षद परमिंदर सिंह सोमा, भाजपा नेता जीवन गुप्ता, भाजपा नेता प्रवीण बांसल, भाजपा नेता जगमोहन शर्मा, शिवसेना नेता कृष्ण शर्मा, भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी, भाजपा नेता यशपाल चौधरी, अजीत पाल सिंह चीमा, बंटी चीमा, बेटी परमजीत कौर, बेटी इंद्रजीत कौर, सतनाम सिंह ग्रेवाल, रणजोध सिंह ग्रेवाल, जगजीत सिंह ग्रेवाल, राजू ग्रेवाल, लक्की ग्रेवाल, अभिषेक गुप्ता, विधायक पी ए गुरशरनदीप सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, जतिंदर सिंह सोढ़ी, अरुण सिंह, गुरमीत सिंह, आशीष विज इंद्रदीप सिंह मिंकू, मोहित सूद, जैन सहित भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर दुख की घड़ी में ग्रेवाल परिवार से दुख प्रकट किया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## हंबड़ां रोड पर शराब की दुकान का विरोध, लोगों ने की बंद करने की मांग

# लोग बोले, दुकान नहीं हटी तो करेंगे बड़ा प्रदर्शन

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



इलाका निवासी शराब की दुकान खुलने का विरोध करते हुए -समर न्यूज़

हंबड़ां रोड स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स के पास राधे श्याम कॉलोनी, गली नंबर 1, 2, 3, कारपोरेशन कॉलोनी और चांद कॉलोनी के निवासियों ने इलाके में नई शराब की दुकान खुलने का कड़ा विरोध किया है। लोगों का कहना है कि 500 मीटर के दायरे में पहले ही तीन शराब की दुकानें चल रही हैं, ऐसे में चौथी दुकान का खुलना पूरी तरह अनुचित है और इलाका निवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। हैबोवाल डेयरी एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप सिंह लाहोरिया ने बताया रिहायशी इलाक़े में शराब की दुकान खुलने के बाद से स्थानीय निवासियों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों की भीड़ जमा हो रही है, जिसके कारण आए दिन झगड़े, विवाद और शोर-शराबा होना आम बात बन गया है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान के आसपास गंदगी, कूड़ा और बदबू लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल प्रदूषित हो रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यह इलाका पूरी तरह से रिहायशी है और आसपास स्कूल, गुरुद्वारा, मंदिर और पार्क भी मौजूद हैं।
ऐसे में शराब की दुकान यहाँ चलना नियमों के खिलाफ होने के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी गंभीर नुकसान पहुँचा रहा है। लोगों ने प्रशासन से इस दुकान को तुरंत बंद करने या किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने की मांग की है। निवासियों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

# 4 मंजिला इमारत में भीषण आग, सामान खाक

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

लुधियाना के किताब बाजार क्षेत्र में देर शाम एक 3–4 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की शुरुआत बिल्डिंग में स्थित एक इलेक्ट्रिक सामान की दुकान से हुई, जहां बंद दुकान में अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। दुकान मालिक कुछ देर पहले ही दुकान बंद करके घर लौट गया था। स्थानीय लोगों ने धुआं देखने के बाद तुरंत दुकान मालिक को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को कॉल किया। दुकान के भीतर स्विच, पंखे, प्लास्टिक बोर्ड, वायर, बल्ब और झूमर जैसी बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रिक सामग्री भरी होने के कारण आग ने कुछ ही समय में पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया।
बताया जा रहा है कि लाखों रुपए का सामान आग में जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेज थी कि पूरी बिल्डिंग के साथ आसपास की गलियों में भी घना धुआं फैल गया। इससे पास की दुकानों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग नियंत्रित न होने पर चार और गाड़ियों को बुलाया गया। कुल छह दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। दमकल कर्मी ने बताया कि क्षेत्र भीड़भाड़ वाला होने और गली संकरी होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को अंदर पहुंचने में मुश्किल हुई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ और पास की दुकानों को भी कोई क्षति नहीं पहुंची। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# बहादुरके रोड सब्जी मंडी में मार्केट कमेटी की छापेमारी, 12 फर्मों के दस्तावेज जब्त



सचिव हरिंदर सिंह गिल दस्तावेज चेक करते हुए। -समर न्यूज़

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

बहादुरके रोड स्थित सब्जी मंडी में उस समय हड़कंप मच गया, जब छुट्टी के दिन भी मार्केट कमेटी सचिव हरिंदर सिंह गिल अपनी टीम के साथ अचानक पहुंच गए। टीम ने मंडी में चल रहे कामकाज की बारीकी से जांच की और करीब 10 से 12 फर्मों के दस्तावेज़ और बही खाते कब्जे में ले लिए। छापेमारी के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सचिव हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि शनिवार की छुट्टी का फायदा उठाकर कई आढ़ती कच्ची बोली-बही का इस्तेमाल करते हैं और पक्की बोली में पूरा माल दर्ज नहीं किया जाता। इस तरह बिना रिकॉर्ड के माल बेचकर सरकारी रेवेन्यू की चोरी की जाती है।
गिल के अनुसार इसी शिकायत के आधार पर आज सब्जी मंडी, टमाटर मंडी, प्याज़ मंडी और फल मंडी में टीम तैनात की गई। जांच के दौरान कई फर्मों के दस्तावेजों में अनियमितताएं सामने आने पर उन्हें जब्त कर लिया गया है।
सचिव ने बताया कि दस्तावेजों की जांच के बाद जो भी सरकारी रेवेन्यू बनता है, वह भरवाया जाएगा। साथ ही उल्लंघना करने वाले आढ़तियों की फर्मों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## वरुण भाटिया बने सर्वसहमति से भाटिया बिरादरी के प्रेस सचिव

# भाटिया भवन में महत्वपूर्ण निर्णय, बिरादरी मजबूती को लेकर बनी रणनीति

**दलजीत विक्की/ लक्की मेहता**
**लुधियाना | समर न्यूज़**



भाटिया बिरादरी के सदस्य। -समर न्यज

भाटिया बिरादरी की ओर से बैठक का आयोजन न्यू शिवाजी नगर स्थित भाटिया भवन धर्मशाला में सुभाष भाटिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए। इस दौरान वरुण भाटिया को सर्वसम्मति से भाटिया बिरादरी का प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। वरुण भाटिया ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। बैठक में भाटिया बिरादरी की बेहतरी के लिए कार्य करने पर सभी सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। बैठक में सुभाष भाटिया तथा एडवोकेट राकेश भाटिया ने बताया कि भाटिया परिवारों को साथ जोड़ने के लिए मुहिम शुरु की जाएगी। ताकि अधिक से अधिक भाटिया परिवारों को बिरादरी के साथ जोड़ा जाए। इसके साथ ही बिरादरी की ओर से सभी परिवारों की एक डायरेक्टरी बनवाई जाएगी, जिसका कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। डायरेक्टरी बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि भाटिया भवन धर्मशाला को अत्याधिक सुविधा के लिए कैमरे लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। इस मौके प्रिंस भाटिया, संजीव भाटिया, राजीव भाटिया, प्रेम रानी भाटिया, मुकेश भाटिया आदि मौजूद हुए।

# एवाकोर लुधियाना 10 किलोमीटर मैराथन, वीणा, करण बने चैंपियन







**समर न्यूज़ | लुधियाना**

लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लुधियाना रनर्स क्लब की ओर से 5वां एवाकोर लुधियाना दस किलोमीटर रन मैराथन रविवार को पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। सुबह 6 बजे हल्की ठंड के बावजूद 1,500 से अधिक प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ की शुरुआत की। मैराथन को पीएयू के वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसल और रजिस्ट्रार ऋषिपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शीर्ष तीन विजेताओं को कैश प्राइज, एफ्रो साइकिल्स की साइकिल और हीबी कॉफी मेंबरशिप कार्ड देकर सम्मानित किया गया। 10 किलोमीटर कैटेगरी में महिलाओं में जालंधर की वीणा पूरी और पुरुषों में फाजिल्का के करण विजेता रहे।

**बैठक** | एआई और 3डी प्रिंटिंग से सजा लुधियाना का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, उद्योगपतियों की पहली पसंद बना

# एक साल में तैयार हुआ हाई-टेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, मंत्री अरोड़ा ने टीम को दी बधाई

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



संजीव अरोड़ा -समर न्यूज़

फोकल प्वाइंट फेज-7 स्थित सीआईसीयू कॉम्प्लेक्स में उद्योगपतियों के साथ पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य केंद्र नव निर्मित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रहा जो एआई तकनीक और थ्री डी प्रिंटिंग से सुसज्जित होकर इंडस्ट्री के लिए बड़ा आकर्षण बन चुका है। मंत्री अरोड़ा ने बताया कि वे पिछले वर्ष यहां आए थे, जब यह प्रोजेक्ट धीमी गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि मैंने उस समय कहा था कि दो साल में पूरा होगा, लेकिन उपकार सिंह अहूजा और उनकी टीम ने इसे एक साल में ही तैयार कर दिया। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।उन्होंने कहा कि सेंटर में थ्री-डी प्रिंटर और एआई आधारित कई उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। थ्री-डी प्रिंटर की एक–एक सप्ताह की वेटिंग बताती है कि यह सेंटर पूरी तरह कार्यशील है और उद्योग जगत में इसकी मांग बढ़ चुकी है। अरोड़ा ने कहा कि यदि यहां किसी और सुविधा की जरूरत होगी, तो सरकार पूरा सहयोग देगी। उन्होंने यहां एक आधुनिक लैब स्थापित करने की भी जरूरत बताई।
मंत्री अरोड़ा ने बताया कि पंजाब में फिलहाल कुल तीन आरएनडी सेंटर हैं दो लुधियाना और एक बटाला में। उपकार सिंह अहुजा ने बताया कि आज संजीव अरोड़ा ने आज यहां आकर हमारे प्रोग्राम को चार चांद लगा दिए। उन्होंने कहा कि इन्होंने बिजली की सहुलत देकर लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने इस दौरान बातचीत करते कहा कि लेबर की बहुत कमी है रोजगार तो है लेकिन लेबर नहीं है। आप कल लेबर लेकर आओ हम काम पर रख लेंगे।

### • उद्योग निवेश में बढ़ा रुझान

पंजाब में इंडस्ट्री लगाने के रुझान पर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि पहले उद्योग के राज्य से बाहर जाने की चर्चा होती थी, लेकिन अब माहौल बदल चुका है। वर्धमान इंडस्ट्री ने 2500 करोड़ और ट्राइडेंट ने 2000 करोड़ की इन्वेस्टमेंट शुरू कर दी है। इसके अलावा पिछले ढाई महीनों में कई बड़ी कंपनियों ने निवेश बढ़ाया है। वर्धमान स्टील 2500 करोड़, हैप्पी फॉर किंग 1000 करोड़, फॉर्टिस 1000 करोड़, वीरका बेवरेजेजः 1000 करोड़, आईओएलः 1400 करोड़। बिजली मीटर लगाने में एनओसी की दिक्कत पर मंत्री अरोड़ा ने स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि अब केवल दो आईडी आधार कार्ड और मालिकाना, किरायेदारी का प्रमाण देकर मीटर लगाया जाएगा। इसके अलावा कोई तीसरा दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। यदि कोई अधिकारी फाइल अटकाता है तो शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी।

# रेडीमेड बैग की दुकान में लगी आग व फायर ब्रिगेड पर देरी से आने के आरोप

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

घुमार मंडी चौक स्थित रेडीमेड बैग्स की एक दुकान में देर रात करीब 9 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों और दुकान मालिक का आरोप है कि बार-बार कॉल करने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची, जिससे आग और फैल गई। दुकान मालिक विजे कुमार ने बताया कि उन्हें आग लगने की जानकारी फोन पर मिली। वह जब दुकान पहुंचे, तब तक आग काफी फैल चुकी थी। उनके अनुसार फायर ब्रिगेड को कई बार कॉल किया गया, लेकिन दमकल की गाड़ियां लगभग 40 से 45 मिनट बाद मौके पर पहुंचीं और तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। विजे कुमार के मुताबिक दुकान बंद करते समय शॉर्ट सर्किट हुआ था। इलाके में बिजली विभाग की ओर से नए तार डालने और पुराने तार हटाने का काम जारी है। बि हमारी दुकान में लेदर का काम होता है। नए लगाए गए तारों की वजह से बिजली ट्रिप हुई और अचानक डबल फेज आने से शॉर्ट सर्किट हो गया। नुकसान कितना हुआ है, इसका फिलहाल अंदाजा नहीं है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 79